RNI NO: UPHIN/2023/89251

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इंडिपेंडेंट भारत

वर्ष : 02
अंक : 326
सोमवार 02 नवंबर 2026
मूल्य : 02 रूपये
पृष्ठ : 08
कुशीनगर से प्रकाशित



पेज-2 देश व समाज के निर्माण में पत्रकारों... पेज-3 प्रयागराज में राममय हुई शाम... पेज-4 दुबहा के भीटेश्वर धाम में कृष्णमय हुई शाम.....

संक्षिप्त समाचार

भारत में ब्राजील की राजदूत बोले- दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार जल्द

नई दिल्ली। भारत और ब्राजील के बीच द्विपक्षीय व्यापार जल्द ?1.9 लाख करोड़ तक पहुंचने की उम्मीद है। ब्राजील के भारत में राजदूत केनेथ फेलिक्स हाजिंस्की दा नोब्रेगा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में ब्राजील के राष्ट्रीय दिवस के कार्यक्रम में उन्होंने दोनों देशों के बढ़ते रणनीतिक और आर्थिक रिश्तों पर बात की। उन्होंने कहा कि सहयोग महत्वपूर्ण खनिजों, रक्षा, ऊर्जा, फार्मा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक बढ़ रहा है। राजदूत ने कहा कि दोनों देश राजनयिक संबंधों की 80वीं वर्षगांठ से पहले रिश्तों के नए दौर में प्रवेश कर रहे हैं। राजनीतिक प्रतिबद्धता और बढ़ते कारोबारी रिश्ते इस साझेदारी को नई गति दे रहे हैं।

नए एयर चीफ मार्शल दीक्षित ने कार्यभार संभाला

नई दिल्ली। एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित ने नए चीफ ऑफ एयर स्टाफ के रूप में कार्यभार संभाला। एयर चीफ मार्शल आशुतोष दीक्षित, एक बेहतरीन फाइटर पायलट हैं और उनके पास 20 से अधिक प्रकार के विमानों पर 3,500 घंटे से ज्यादा उड़ान भरने का अनुभव है, उन्होंने शनिवार को नए 'चीफ ऑफ एयर स्टाफ' के रूप में कार्यभार संभाला।उन्होंने एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की जगह ली है, जो 43 साल सेवाएं देने के बाद वायु सेना से सेवानिवृत्त हुए हैं।

यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ फिर जारी हुआ वारंट

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को यूट्यूबर ध्रुव राठी के खिलाफ फिर से वारंट जारी किया। यह मामला साल 2018 में दर्ज मानहानि की शिकायत से जुड़ा है। राठी पर अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो अपलोड कर विकास पांडे नाम के व्यक्ति की छवि खराब करने का आरोप है। न्यायिक मजिस्ट्रेट राहुल जैन ने यह वारंट जारी किया है। इससे पहले 17 अक्टूबर को भी अदालत ने राठी के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया था। उस समय नोटिस देने पहुंचे प्रोसेस सर्वर ने बताया था कि राठी का घर बंद मिला। अदालत ने इसके साथ ही हरियाणा के गुरुग्राम स्थित उनके पते पर नया समन भेजने का आदेश भी दिया था।

तमिलनाडु में सरकारी नौकरी की उम्र सीमा 5 साल बढ़ी

तमिलनाडु। तमिलनाडु के स्टरूविजय ने शुक्रवार को सरकारी नौकरियों में सीधी भर्ती की अधिकतम उम्र 5 साल बढ़ा दी। नई उम्र सीमा 30 अक्टूबर 2026 से लागू होगी और 5 साल तक प्रभावी रहेगी। यह फैसला सरकारी नौकरी के उम्मीदवारों की मांग पर लिया। सरकार के मुताबिक, इससे उन अभ्यर्थियों को मौका मिलेगा, जो उम्र सीमा के कारण आवेदन से वंचित होने वाले थे। आधिकारिक प्रेस रिलीज के मुताबिक, नई उम्र सीमा नियमों में तय मौजूदा सीमा के अलावा लागू होगी। यह आरक्षित वर्गों को पहले से मिल रही उम्र में छूट के अतिरिक्त होगी।

खड़गे के घर विपक्ष की मॉक संसद में ज्ञानेश कुमार को हटाने का प्रस्ताव पास

मॉक संसद में महाभियोग, भाजपा ने कहा- ये लोकतंत्र का मजाक

■ नई दिल्ली

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि एसआईआर के जरिए 13.3 करोड़ मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिनमें कई ऐसे लोग भी शामिल थे जिन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान किया था। उन्होंने चुनाव की वैधता पर सवाल उठाते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्ष के जन-महाभियोग प्रस्ताव का समर्थन किया। दूसरी ओर, भाजपा सांसद संबित पात्रा ने विपक्ष की मॉक संसद को लोकतंत्र का मजाक बताते हुए कांग्रेस पर पलटवार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में पहली वोट चोरी पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय हुई थी।

राहुल बोले- 2024 का लोकसभा चुनाव अवैध

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि एसआईआर के माध्यम से 13.3 करोड़ यानी लगभग 15 प्रतिशत मतदाताओं के नाम हटाए गए। इनमें कई ऐसे मतदाता भी थे, जिन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान किया था। राहुल के अनुसार, उस चुनाव में जीत का अंतर महज तीन प्रतिशत मतों का था। उन्होंने शनिवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आवास पर आयोजित विपक्ष की मॉक संसद को संबोधित करते हुए चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए। यह मॉक संसद तीन घंटे 23 मिनट चली। पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने इसकी अध्यक्षता की। कांग्रेस सहित 19 विपक्षी दलों के 215 सांसद इसमें शामिल हुए। खड़गे ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ छह आरोपों के साथ जन-महाभियोग प्रस्ताव पेश किया, जिसे उपस्थित सांसदों ने पारित कर दिया। यह सांकेतिक विरोध था, संवैधानिक पद से हटाने की औपचारिक संसदीय प्रक्रिया नहीं। राहुल ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रस्ताव पर चर्चा के लिए विपक्ष को बगीचे में बैठना पड़ रहा है, क्योंकि उसके लिए अन्य संस्थानों के रास्ते बंद हैं। उन्होंने दावा किया कि ज्ञानेश कुमार पद पर नहीं टिक पाएंगे। यदि भाजपा उन्हें पद पर बनाए रखने पर अड़ी रही तो उसके इरादे स्पष्ट हो जाएंगे। राहुल ने कहा कि जनता चुनाव में कथित धांधली को न भूलेगी, न माफ करेगी। उन्होंने ज्ञानेश कुमार के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने और उन्हें न्याय के दायरे में लाने की मांग भी की।



19 दलों के 215 सांसद हुए शामिल

संबित पात्रा का पलटवार

पहली वोट चोरी नेहरू ने की

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ विपक्षी दलों के जन-महाभियोग प्रस्ताव पर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने विपक्ष की मॉक संसद को लोकतंत्र और वास्तविक संसद का मजाक बताते हुए कहा कि कांग्रेस पहले संसद की कार्यवाही बाधित करती है और अब समानांतर संसद आयोजित कर रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी को जीवनभर 'नकली प्रधानमंत्री' बनाए रखा जाए। पात्रा ने मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि देश में पहली वोट चोरी पंडित जवाहरलाल नेहरू के समय हुई थी। उनके अनुसार, सरदार वल्लभभाई पटेल को प्रधानमंत्री बनाने के लिए अधिक समर्थन होने के बावजूद नेहरू प्रधानमंत्री बने। पात्रा ने एसआईआर के तहत नाम हटाए जाने के आरोपों पर कहा कि मतदाता सूची को शुद्ध करने के लिए यह प्रक्रिया आवश्यक है। उन्होंने बताया कि देश में एसआईआर 12 बार हो चुका है, जिनमें 10 बार कांग्रेस के शासनकाल में हुआ। पात्रा के मुताबिक, अनुपस्थित, स्थानांतरित और मृत मतदाताओं के नामों की पहचान कर सूची संशोधित की जाती है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में मृत लोगों के नामों का इस्तेमाल फर्जी मतदान के लिए किया जाता था, लेकिन एसआईआर से ऐसी गतिविधियों पर रोक लगी है। पात्रा ने कहा कि जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, वे निर्धारित प्रक्रिया के तहत दोबारा पंजीकरण करा सकते हैं। उन्होंने कांग्रेस के आरोपों को राजनीतिक हताशा करार देते हुए एसआईआर का बचाव किया।



राहुल गांधी पर कसा 'नकली प्रधानमंत्री' का तंज

देश में विभाजन की साजिश, विपक्ष विरोध नहीं अवरोध पर उतरा : मोदी

■ सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर बोले प्रधानमंत्री, कहा-

■ नक्सलवाद की कमर टूटी, लेकिन दिमागी नक्सलियों का खतरा बरकरार

■ एकता नगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश में नक्सलवाद की कमर तोड़ दी गई है, लेकिन दिमागी नक्सलियों का खतरा अभी समाप्त नहीं हुआ है। उन्होंने विपक्ष पर देश को बांटने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष अब विरोध नहीं, बल्कि अवरोध की राजनीति पर उतर आया है। विदेश में कौन किससे गुपचुप मिल रहा है, सब दिखाई दे रहा है। ऐसे समय में देशवासियों को एकजुट रहना होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया को हथियार बनाकर देश के विरुद्ध इस्तेमाल करने की साजिशें हो रही हैं। इनसे सतर्क रहना और निपटना आवश्यक है। उन्होंने घुसपैठ तथा जनसांख्यिकी में बदलाव रोकने पर भी जोर दिया। मोदी ने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बावजूद देश की विकास यात्रा रुकने नहीं दी जाएगी। जब भी देश बड़े निर्णय लेता है, बाधाएं खड़ी की जाती हैं, लेकिन भारत अब रुकने वाला नहीं है। वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कई देशों में युद्ध चल रहे हैं, संसाधनों का संकट बढ़ रहा है और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बिखर रही है।



अनुराग श्रीवास्तव बने नए कृषि उत्पादन आयुक्त

दीपक कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद 15 वरिष्ठ आईएएस के दायित्व बदले

■ आलोक कुमार-2 को आईआईडीसी और आलोक कुमार-3 को वित्त की जिम्मेदारी

■ लखनऊ

वरिष्ठ आईएएस दीपक कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद उत्तर प्रदेश शासन ने शीर्ष नौकरशाही में बड़ा फेरबदल किया है। शासन ने कृषि उत्पादन आयुक्त (एपीसी), अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आईआईडीसी) और वित्त विभाग समेत महत्वपूर्ण पदों पर नई जिम्मेदारियां सौंपते हुए 15 वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के दायित्वों में बदलाव किया है।

अनुराग श्रीवास्तव को नया कृषि उत्पादन आयुक्त बनाया गया है। उनके पास नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल तथा ग्रामीण पेयजल मिशन की जिम्मेदारी भी बनी रहेगी। आलोक कुमार-2 को अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त नियुक्त किया गया है। वहीं, आलोक कुमार-3 को वित्त विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके पास नियोजन, कार्यक्रम कार्यान्वयन, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था से जुड़े दायित्व भी रहेंगे। मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल को अपर मुख्य सचिव नागरिक उड्डयन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। एम. देवराज को राज्य सतर्कता आयोग एवं प्रशासनाधिकरण-1 का अतिरिक्त जिम्मा सौंपा गया है। प्रमुख सचिव कृषि डॉ. एमकेएस सुंदरम को समन्वय और यूपी डास्प की जिम्मेदारी मिली है, जबकि अजय चौहान को यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। जल निगम (ग्रामीण) के प्रबंध निदेशक योगेश कुमार को एमडी पीसीएफ तथा अमित कुमार सिंह को जल निगम (ग्रामीण) का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। कृष्ण कुमार को झांसी का मंडलायुक्त नियुक्त किया गया है। भूपेंद्र एस. चौधरी को सचिव मानवाधिकार आयोग बनाया गया है, जबकि देवेंद्र सिंह कुशवाहा को विशेष सचिव प्रशासनिक सुधार की जिम्मेदारी दी गई है।



अनुराग श्रीवास्तव | आलोक कुमार-2 | आलोक कुमार-3

जौहर ट्रस्ट की मनी लॉन्ड्रिंग जांच में कार्रवाई

रिहाई के तुरंत बाद आजम खां को किया गिरफ्तार

■ विश्वविद्यालय की 1170 करोड़ की संपत्ति अटैच अब्दुल्ला आजम रिहा

■ लखनऊ

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को शनिवार को रामपुर जिला कारागार से रिहाई के तुरंत बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया। जौहर ट्रस्ट और मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की टीम गिरफ्तारी वारंट लेकर जेल पहुंची थी। इसके बाद आजम खां को अपने साथ लेकर गाजियाबाद रवाना हो गई। वहीं, उनके बेटे अब्दुल्ला आजम को देर शाम जेल से रिहा कर दिया गया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दो पैन कार्ड से जुड़े धोखाधड़ी के मामले में आजम खां और अब्दुल्ला आजम की सात-सात साल की सजा निलंबित कर दी थी। इसके बाद दोनों की रिहाई की प्रक्रिया शुरू हुई। शनिवार को जेल के बाहर बड़ी संख्या में समर्थक जुटे थे। इसी दौरान ईडी के अधिकारी सुरक्षा बल के साथ पहुंचे और आजम खां को हिरासत में लेकर रवाना हो गए।



जेल के बाहर समर्थकों का हंगामा

आजम खां की गिरफ्तारी के बाद जेल के बाहर मौजूद सपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस ने बल प्रयोग कर भीड़ को हटाया। जेल से निकलते समय आजम खां ने कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा, 'कानून तो जैसे खत्म ही हो गया है क्या? मुसलमान होने की यही सजा है कि हमने बच्चों के लिए स्कूल और यूनिवर्सिटी बनाई।'

1170 करोड़ की संपत्ति अटैच: ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत रामपुर स्थित मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की जमीन और भवनों को अस्थायी रूप से अटैच किया था। इन संपत्तियों का दर्ज मूल्य 426.46 करोड़ रुपये, जबकि वर्तमान बाजार मूल्य करीब 1170 करोड़ रुपये आंका गया है।

राष्ट्रीय एकात्मता बनाए रखना हर भारतीय का कर्तव्य : योगी

■ सरदार पटेल की जयंती पर दी श्रद्धांजलि, राष्ट्रीय एकता दिवस की बधाई

■ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लौह पुरुष एवं भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रदेशवासियों को राष्ट्रीय एकता दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की शक्ति उसकी एकता और सामर्थ्य राष्ट्र प्रथम की भावना में निहित है। सरदार पटेल का जीवन हमें एक भारत-श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि राष्ट्रीय एकात्मता को अक्षुण्ण बनाए रखना प्रत्येक भारतीय का कर्तव्य है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में तुष्टीकरण, जातिवाद और परिवारवाद की राजनीति ने सामाजिक समरसता को आघात पहुंचाया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार ने राष्ट्र प्रथम की भावना और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र के साथ सामाजिक समरसता को सुदृढ़ किया है।

योगी ने सरदार पटेल जयंती पर आयोजित 'रन फॉर यूनिटी' को राष्ट्रीय एकता के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर बताया। उन्होंने लोगों से इसमें सहभागी बनने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक कदम राष्ट्र की अखंडता और 'राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम' के संकल्प का प्रतीक होना चाहिए।



स्कूल में छात्रा पर आरी से हमला, जयपुर में छात्रा की मौत

■ नई दिल्ली

देश के तीन अलग-अलग शहरों से सामने आई घटनाओं ने शैक्षणिक संस्थानों की सुरक्षा, युवाओं की मानसिक स्थिति और परिवारों से संवाद जैसे सवालों को फिर चर्चा में ला दिया है। आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में कक्षा के भीतर 10वीं की छात्रा पर बिजली से चलने वाली आरी से हमला किया गया, जबकि जयपुर की पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में एमबीए की छात्रा ने छठी मंजिल से कूदकर जान दे दी। उधर, पुणे में लंदन से चुपचाप भारत लौटी 34 वर्षीय महिला का शव किराए के फ्लैट में मिला। तीनों मामलों में पुलिस जांच कर रही है।

जयपुर में एमबीए छात्रा की मौत: जयपुर की पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में शनिवार सुबह एमबीए द्वितीय वर्ष की छात्रा यशस्वी रोहिल्ला (23) छठी मंजिल से कूद गई। कुछ दिन पहले ही उसका नौकरी के लिए चयन हुआ था। घटना से पहले वह दोस्तों से बात कर रही थी। दोस्तों ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। पुलिस प्रेम-प्रसंग सहित विभिन्न पहलुओं की जांच कर रही है। परिजनों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगाया है।

पुणे में मिला युवती का शव: पुणे के गहुंजे स्थित एक आवासीय परिसर के फ्लैट में मुग्धा अविनाश देशमुख (34) का शव मिला। वह एमबीए की पढ़ाई के लिए जुलाई 2025 में लंदन गई थीं, लेकिन अगस्त 2026 में परिवार को बताए बिना भारत लौट आईं। फोन बंद होने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। बैंक खाते में खाद्य सामग्री की आपूर्ति से जुड़े लेनदेन के आधार पर पुलिस उनकी लोकेशन तक पहुंची। मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है।

कक्षा में घुसकर छात्रा पर हमला: अनंतपुर जिले में शनिवार सुबह करीब 10 बजे पढ़ाई के दौरान हेमंत उर्फ डुम्मू ने 10वीं की छात्रा पर चेनसों से हमला कर दिया। हमले में। में छात्रा का दायां हाथ कट गया और चेहरे, गर्दन तथा कान पर गंभीर चोटें आईं। उसे बचाने पहुंची दूसरी छात्रा भी घायल हो गई। आरोपी पीड़िता का दूर का रिश्तेदार बताया गया है। स्कूल में मरम्मत कार्य चलने के कारण सुरक्षाकर्मियों ने उसे मजदूर समझकर प्रवेश दे दिया था। पुलिस ने आरोपी को धर्मावरम रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया।

किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद, सीबीआई ने की थी जांच

■ पॉक्सो कोर्ट ने लगाया 1.43 लाख रुपये का जुर्माना

■ लखनऊ

मथुरा की विशेष पॉक्सो अदालत ने किशोरी से दुष्कर्म और यौन शोषण के दोषी श्याम बिहारी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने विभिन्न धाराओं में दोषी ठहराते हुए उस पर 1.43 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

सीबीआई ने 17 जून 2025 को आरोपी के खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से बाल यौन शोषण और अश्लील सामग्री तैयार करने, प्रसारित करने तथा प्रकाशित करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी। जांच में नाबालिग के साथ गंभीर यौन अपराध किए जाने का भी खुलासा हुआ।

सीबीआई ने पीड़िता की पहचान कर उसे आवश्यक परामर्श और सुरक्षा उपलब्ध कराई। जांच पूरी होने के बाद 14 अगस्त 2025 को आरोप-पत्र दाखिल किया गया। सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी को दुष्कर्म, गंभीर यौन उत्पीड़न और बाल अश्लील सामग्री से जुड़े अपराधों में दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई।

सीएम योगी ने किसानों की फसल बर्बादी पर तत्काल मुआवजे के दिए निर्देश

■ जिलाधिकारियों को फील्ड में उतरकर नुकसान का आकलन करने के आदेश

■ मुख्यमंत्री का किसानों को भरोसा-संकट की घड़ी में सरकार आपके साथ,

■ लखनऊ

अतिवृष्टि और अर्नब तूफान से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंभीरता से संज्ञान लिया है। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को तत्काल फील्ड में उतरकर फसल क्षति का आकलन कराने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने स्पष्ट किया है कि प्रभावित किसानों को मुआवजा देने में किसी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए। नुकसान का आकलन कर किसानों को तुरंत उचित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि यदि फसल की क्षति निर्धारित मुआवजे के दायरे से अधिक है तो भी किसानों को राहत दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए। ऐसी स्थिति में फील्ड स्तर के अधिकारी नुकसान की वास्तविक स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि प्रभावित किसानों को उचित सहायता मिल सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से फसल नुकसान के आकलन और मुआवजे की प्रक्रिया में पूरी संवेदनशीलता बरतने को कहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में प्रदेश सरकार किसानों के साथ खड़ी है। सीएम ने अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि कोई भी प्रभावित किसान राहत से वंचित न रहे और नुकसान के आकलन से लेकर मुआवजा वितरण तक की प्रक्रिया में अनावश्यक देरी न हो।

तीन दशक की सेवा के बाद रईस अहमद सेवानिवृत्त

■ भावभीनी विदाई देकर अधिकारियों ने की उज्जवल भविष्य की कामना

■ देहरादून

उत्तराखंड के सूचना एवं लोक संपर्क विभाग में लगभग 30 वर्षों तक सेवाएं देने के बाद चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी रईस अहमद शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर आयोजित समारोह में महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने उन्हें भावभीनी विदाई दी।

तिवारी ने कहा कि विभाग की कार्यप्रणाली को सुचारु बनाए रखने में प्रत्येक कार्मिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। रईस अहमद ने तीन दशकों तक निष्ठा, लगन और समर्पण से दायित्वों का निर्वहन किया। उनका सेवाकाल अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने अहमद के स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की कामना की। समारोह में अपर निदेशक आशीष त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक नितिन उपाध्याय, उप निदेशक मनोज श्रीवास्तव, रवि बिजारनिया, बद्री चंद सहित अधिकारी-कर्मचारी और परिजन उपस्थित रहे। सभी ने उनके साथ कार्यकाल के अनुभव साझा किए। इस अवसर पर सूचना कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कैलाश रावत, उपाध्यक्ष प्रशांत रावत, महामंत्री अंकित चौहान, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार धीमान सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी शुभकामनाएं दीं।



देश व समाज के निर्माण में पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका: अनिल मणि

>> पत्रकार यदि शांत हुआ तों दुनिया सो जाएगी : अरुण पांडेय

>> पत्रकारों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठन प्रयत्नशील :विश्वामित्र

>> पत्रकार एकता समन्वय समिति के तत्वाधान मे पत्रकारों का हुआ सम्मान



देवरिया। पत्रकार समाज और राष्ट्र के युग निमार्ता के रूप में शिल्पकार की भूमिका निभाते हैं। जिस प्रकार एक शिल्पकार सुंदर और मजबूत रचना तैयार करता है, उसी प्रकार पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। पत्रकार का दायित्व बुराइयों को उजागर करना, अच्छे कार्यों को सामने लाना तथा गलत कार्य करने वाले नेताओं और अधिकारियों पर अंकुश लगाना है। उक्त बातें शनिवार को तहसील सभागार सलेमपुर में पत्रकार एकता समन्वय समिति, द्वारा आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व केन यूनियन अध्यक्ष अनिल मणि त्रिपाठी ने कहीं।

विशिष्ट अतिथि अरुण पांडेय ने कहा कि पत्रकार समाज का महान रचनाकार है। यदि पत्रकार शांत हो जाए तो दुनिया सो जाएगी। पत्रकार अपनी लेखनी से समाज को जगाने और उसके निर्माण में अहम भूमिका निभाता है। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विश्वामित्र मिश्रा ने कहा कि संगठन प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया सहित सभी विधाओं के पत्रकारों के सम्मान और अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। पत्रकारों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए शासन-प्रशासन तक आवाज उठाई जाएगी। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनय कुमार गुप्ता ने कहा की पत्रकार को ईमानदारी पूर्वक कलम के माध्यम से जनता की आवाज बनकर कार्य करना चाहिए। मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों का संगठन के पदाधिकारी द्वारा अंग वस्त्र और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया वहीं अतिथियों के द्वारा पत्रकार साथियों को माल्यार्पण कर सम्मान पत्र के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. तनवीर आलम, राष्ट्रीय सह सचिव डॉ. शिवकुमार यादव, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी लियाकत अहमद,कोषाध्यक्ष अशीष बरनवाल, प्रदेश प्रभारी अखिलेश जायसवाल, प्रदेश मंत्री डॉ रमेश यादव, जिला अध्यक्ष हरिशंकर गुप्ता, शिवाकांत तिवारी वेद प्रकाश तिवारी, राजाराम गुप्ता, रमन तिवारी सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। अध्यक्षता संरक्षक योगेंद्र नाथ त्रिपाठी ने किया तथा संचालन राष्ट्रीय सचिव डा गोपेश कुमार ने किया। समारोह में मान सिंह, सत्यम गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, वीरेंद्र कुमार पांडेय, नीतिश सिंह, सुमेश वर्मा, जवाहर लाल गुप्ता, मंडलेश्वर त्रिपाठी, विनोद कुमार यादव, जन्मेजय सिंह, अंकित पांडे दिलीप पांडे, भोला विश्वकर्मा, अजय कुमार पासवान, अफजल अंसारी, प्रकाश कुमार, मनोज सिंह चौहान, लक्ष्मण वर्मा, प्रभुनाथ उपाध्याय, रविकांत त्रिपाठी, सतीश कुशवाहा, सहित बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

विधिक सहायता शिविर में 212 लाभार्थियों को मिला योजनाओं का लाभ



इंडिपेंडेंट भारत

ब्यूरो,कुशीनगर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर के तत्वावधान में रविवार को दीवानी न्यायालय परिसर में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के माध्यम से 212 लाभार्थियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।शिविर का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश संजीव कुमार त्यागी, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक केशव कुमार, अपर जिला जज राम अवतार यादव, अपर जिला जज इफराक अहमद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजन कुमार गोंड़ एवं मुख्य विकास अधिकारी वंदिता श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। शिविर का उद्देश्य निर्बल वर्ग, दिव्यांगजन, महिलाओं, बच्चों, श्रमिकों तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित करना रहा। इस दौरान उद्योग विभाग की ओर से दो लाभार्थियों को सात लाख रुपये के डमी चेक, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा 12 लाभार्थियों को आवास संबंधी प्रमाण-पत्र तथा सहकारिता विभाग द्वारा तीन लाभार्थियों को डमी चेक दिए गए। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग ने 19 दिव्यांगों को व्हीलचेयर, कान की मशीन एवं स्मार्ट केन जैसे सहायक उपकरण वितरित किए। इसके अलावा श्रम विभाग ने श्रम कार्ड और स्वीकृति पत्र, खाद्य एवं रसद विभाग ने राशन कार्ड तथा स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान कार्ड वितरित किए। कृषि विभाग ने मिनी किट, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने थर्मल प्रिंटर और अन्य विभागों ने पात्र लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र एवं योजनाओं का लाभ प्रदान किया। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच भी की गई। बाल विकास विभाग द्वारा दो महिलाओं की गोद भराई तथा दो बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, पैरा लीगल वॉलंटियर एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

हाटा पुलिस ने चोरी की घटनाओं का किया खुलासा, एक गिरफ्तार

चोरी के मंगलसूत्र, चांदी की पायल, 1700 रुपये नकद और मोटरसाइकिल बरामद

इंडिपेंडेंट भारत



ब्यूरो,कुशीनगर। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत हाटा कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से चोरी के आभूषण, नकदी और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी है। पुलिस के अनुसार, हाटा कोतवाली पुलिस ने रविवार को मुकदमा संख्या 552/2026, धारा 304(2) बीएनएस तथा मुकदमा संख्या 487/2026, धारा 304(4) बीएनएस से संबंधित चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण किया। इस दौरान ग्राम परागपुर निवासी अशोक कुमार पुत्र रमायन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक मंगलसूत्र, सफेद धातु की एक जोड़ी पायल और 1700 रुपये नकद बरामद किए गए। इसके अलावा चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त या संबंधित बताई गई हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल संख्या यूपी 57 एएल 6121 भी पुलिस ने बरामद की है।पुलिस की गिरफ्तारी एवं बरामदगी टीम में उपनिरीक्षक रामचन्द्र पटेल, उपनिरीक्षक कमलेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अंकुर सिंह, कांस्टेबल सतीश सिंह और कांस्टेबल अखिलेश यादव शामिल रहे।

रामकोला में आर एसएस का पथ संचलन, अनसूया मंदिर से निकाला गया जुलूस





रामकोला। नगर पंचायत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से रविवार शाम रामकोला नगर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। शाम 5 बजे अनसूया मंदिर परिसर से शुरू हुआ संचलन नगर के प्रमुख मार्गों और बाजार से होते हुए निकला। गणवेश धारी स्वयंसेवकों की कदमताल ने अनुशासन, एकरूपता और राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया। सामाजिक एकता, संगठनात्मक मजबूती और राष्ट्र समर्पण का संदेश दिया गया। संचलन शाम 6:30 बजे तक चला। इस दौरान विधायक विनय प्रकाश गौड़, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश चौधरी, जिला प्रचारक अभय कुमार सिंह, जिला कार्यवाह पंकज, अजीत, नगर कार्यवाह विजेंद्र, खंड कार्यवाह संजीव सिंह, राधेश्याम दीक्षित, अजय गोविंद, शिशु बाबू, प्रिंस गोविंद राव, अमरिष कुमार, मृत्युंजय पांडेय सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, स्कूली बच्चे और नगरवासी मौजूद रहे।

ई-रिक्शा से शराब तस्करी, 240 पाउच अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

इंडिपेंडेंट भारत



ब्यूरो,कुशीनगर। जनपद के पटहेरवा थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान ई-रिक्शा से तस्करी कर ले जाई जा रही 43.20 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से बिना नंबर प्लेट का ई-रिक्शा भी जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान एक अन्य आरोपी फरार हो गया, जिसकी पहचान कर ली गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान बृजेश कुमार गौतम पुत्र स्वर्गीय बाबूलाल प्रसाद, निवासी अजयनगर बभनौली, थाना सेवरही, कुशीनगर के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 08 पीएम ब्रांड की 180 एमएल की 240 पाउच अंग्रेजी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 43.20 लीटर है। इस मामले में पटहेरवा थाने में मुकदमा संख्या 300/2026, आबकारी अधिनियम की धारा 60/72 के तहत दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विशाल कुमार, नित्यानंद सिंह, राम सिंह तथा कांस्टेबल कुशाग्र सिंह, सौरभ यादव और रितेश राय शामिल रहे।

स्विट्जरलैंड के लुसाने में आदित्य वाधवा ने जीता कांस्य पदक, भारत का बढ़ाया मान

विनय कुमार गुप्ता



देवरिया। स्विट्जरलैंड के लुसाने में आयोजित इंडोर वर्ल्ड सीरीज-स्विस ओपन में संजीवा सिंह आर्चरी इंस्टीट्यूट ट्रस्ट कन्हौली देवरिया के खिलाड़ी आदित्य वाधवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। आदित्य ने रिकर्व पुरुष अंडर-21 वर्ग में यह उपलब्धि हासिल की।

एसबीआई फाउंडेशन के एसीई प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आदित्य ने कांस्य पदक के मुकाबले में स्लोवेनिया के खिलाड़ी गैल फ्रैंक को 6-2 से पराजित कर पोडियम पर जगह बनाई। आदित्य की इस सफलता पर संजीवा सिंह आर्चरी इंस्टीट्यूट ट्रस्ट ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। संस्थान के अनुसार यह उपलब्धि आदित्य की कड़ी मेहनत, लगन और अनुशासित प्रशिक्षण का परिणाम है। साथ ही संस्थान में खिलाड़ियों को दिए जा रहे व्यवस्थित प्रशिक्षण और उच्चस्तरीय खेल सुविधाओं का भी प्रमाण है। संस्थान ने एसबीआई फाउंडेशन के प्रति आभार जताते हुए कहा कि एसीई कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण पृष्ठभूमि के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का अवसर मिल रहा है। संस्थान का लक्ष्य मिशन ओलंपिक 2036 के तहत ग्रामीण प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचाना और मिट्टी से मेडल तक का सफर पूरा कराना है।

बिजली करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत, युवक झुलसा

कृष्णानंद मिश्र मधुबनी

पश्चिमी चंपारण। धनहा थाना क्षेत्र के खोतहवा गांव में रविवार को बिजली के करंट की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई। वहीं, भैंस को चरा रहा युवक भी करंट लगने से झुलसकर घायल हो गया। घायल युवक का इलाज एक निजी क्लिनिक में कराया गया। जानकारी के अनुसार, खोतहवा गांव निवासी रमाकांत यादव का पुत्र शिव कुमार यादव रविवार को अपनी भैंस चराने गांव के पश्चिम स्थित सरेह में गया था। इसी दौरान चरते-चरते भैंस बिजली के पोल के पास पहुंच गई। पोल में प्रवाहित करंट की चपेट में आने से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। भैंस को बचाने पहुंचे शिव कुमार यादव को भी करंट लग गया, जिससे वह हल्का झुलस गया। घटना के संबंध में बिजली विभाग के कनीय अभियंता आदित्य राज ने बताया कि मामले की सूचना मिली है। विभागीय स्तर पर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, गांव में मचा हड़कंप

कर्नलगंज (गोंडा)। कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम धौरहरा खरसरहियन पुरवा में शनिवार की शाम करीब 5 बजे मुस्कान पुत्री सुरेश यादव उम्र करीब 21 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इसकी जानकारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों के अनुसार तबीयत अचानक बिगड़ने पर गांव के लोग युवती को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्नलगंज पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी होते ही सीएचसी पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई। घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की चचाओं का माहौल है। घटना की सूचना पर कर्नलगंज कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार युवती की मौत सामान्य प्रतीत हो रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। जांच पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण पता चल सकेगा।

कर्नलगंज में दर्दनाक हादसा: माइक में उतरे करंट से नमाजी साकिर अली की मौत

परिजनों में मचा कोहराम, गांव में पसरा मातम



कर्नलगंज। कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के कटरा शहबाजपुर गांव में रविवार सुबह करीब 5 बजे एक दिल दहलाने वाला हादसा हो गया। मस्जिद में अजान देने के लिए माइक को छूते ही 38 वर्षीय नमाजी साकिर अली पुत्र मुस्लिम को तेज करंट लग गया, जिससे वह अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों के अनुसार साकिर अली रोज की तरह फज्र की नमाज के लिए मस्जिद पहुंचे थे। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कर उन्हें माइक से दूर किया और परिजनों को सूचना दी। ग्रामीण तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कर्नलगंज ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मस्जिद की जर्जर वायरिंग और बारिश को हादसे की वजह बताया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बीते दो दिनों से हो रही बारिश के कारण मस्जिद में लगी पुरानी विद्युत वायरिंग में नमी आ गई थी, जिससे माइक में करंट उतर गया।मृतक साकिर अली परिवार के कमाऊ व्यक्ति थे। वह पत्नी और छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है, पूरे गांव में मातम पसरा है। प्रभारी निरीक्षक अभय सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

धड़ल्ले से पेड़ों की कटान, वन विभाग की निगरानी पर उठे सवाल



नेबुआ नौरंगिया (कुशीनगर)। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के मंडार बिंदवलिया गांव के श्रीनगर टोला के समीप हरे-भरे पेड़ों की बड़े पैमाने पर कटान का मामला सामने आया है। आरोप है कि क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं द्वारा बेखौफ होकर पेड़ों पर आरा चलाया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर मिली जानकारी के अनुसार, अब तक करीब 30 सागौन पेड़ों से अधिक कि कटाई की जा चुकी है। हैरानी की बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटान होने के बावजूद वन विभाग को इसकी जानकारी तक नहीं हो सकी। इससे विभागीय निगरानी और जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। आखिरकार क्षेत्र में लगातार पेड़ों की कटाई कैसे होती रही और जिम्मेदार विभाग को इसकी भनक तक क्यों नहीं लगी? क्या संबंधित लोगों के पास पेड़ काटने की अनुमति थी या फिर नियमों को ताक पर रखकर यह कटान किया जा रहा था? हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से जहां पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं क्षेत्र की हरियाली भी समाप्त होती जा रही है। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कराकर अवैध कटान में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। मामले को लेकर खड्डा वन क्षेत्र अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि उन्हें इस कटान की जानकारी पहले नहीं थी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी और जांच के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह होगा कि वन विभाग केवल जांच तक सीमित रहता है या फिर मौके पर पहुंचकर पेड़ों की कटान की वास्तविक स्थिति का पता लगाते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी करता है। फिलहाल वन विभाग की प्रस्तावित जांच और कार्रवाई पर क्षेत्रीय लोगों की नजरें टिकी हुई हैं।

दूध के कैन में छिपाकर बिहार ले जा रहा था शराब,192 पाउच के साथ गिरफ्तार



इंडिपेंडेंट भारत

ब्यूरो,कुशीनगर। जनपद के पटहेरवा थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान दूध के कैन में छिपाकर शराब की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 34.56 लीटर अंग्रेजी शराब और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी की पहचान रणवीर पासवान पुत्र कैलाश पासवान, निवासी मधुरिया, थाना तुर्कपट्टी, कुशीनगर के रूप में हुई है। आरोपी दो प्लास्टिक के बाल्टों में दूध के कैन की तरह शराब छिपाकर हीरो होंडा स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल से बिहार ले जा रहा था। चेकिंग के दौरान पुलिस ने उसके पास से 180 एमएल के 192 पाउच 08 पीएम अंग्रेजी शराब बरामद किए। बरामद शराब की कुल मात्रा 34.56 लीटर बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पटहेरवा थाने में मुकदमा संख्या 299/2026, आबकारी अधिनियम की धारा 60/72 के तहत केस दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राजेंद्र सिंह, प्रियांशु राय, कांस्टेबल प्रखर चौबे और महिला कांस्टेबल मीनू राय शामिल रहे।

बालरामलीला उत्सव में नारद मोह और मनु-सतरूपा की लीला का मंचन

नारद के अहंकार और भगवान विष्णु की लीला का कलाकारों ने किया जीवंत मंचन

करनैलगंज,गोंडा। तहसील क्षेत्र के सकरौरा ग्रामीण के मजरा छतईपुरवा स्थित ब्रह्मचारी बाबा स्थान पर आयोजित श्री बालरामलीला उत्सव में शनिवार की रात स्थानीय और बाहरी कलाकारों ने नारद मोह की लीला का भावपूर्ण मंचन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणपति वंदना के साथ हुआ। लीला में दिखाया गया कि हिमालय की तलहटी में रमणीक स्थान देखकर नारद मुनि समाधि में लीन हो गए। उनकी तपस्या भंग करने के लिए इंद्र ने कामदेव और अप्सराओं को भेजा, लेकिन वे सफल नहीं हुए। इस पर नारद को अपनी तपस्या और कामदेव पर विजय का अहंकार हो गया। भक्त को अहंकार से बचाने के लिए भगवान विष्णु ने माया की नगरी और स्वयंवर की रचना की। नारद ने विवाह की इच्छा से भगवान से हरि स्वरूप मांगा, लेकिन भगवान ने उन्हें वानर का रूप दे दिया। स्वयंवर में उपहास होने पर नारद ने भगवान विष्णु को पत्नी वियोग का श्राप दे दिया। नारद की भूमिका रितेश पाण्डेय, कामदेव की कमलकांत शुक्ल और भगवान शंकर की भूमिका अविनाश पाण्डेय ने निभाई। कलाकारों के अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। इस मौके पर गुरुदयाल पाण्डेय, सुनील पाण्डेय बब्बलू पाण्डेय, रवि पाण्डेय अंकुर, सोनू पाण्डेय, लालबाबू पाण्डेय, सर्वेश पाण्डेय, रमेश पाण्डेय, डॉ. महेश पाण्डेय, राजू पाण्डेय, मनीष भट्ट, मुकेश पाण्डेय, हरिकेश पाण्डेय, अंकित पाण्डेय, गुलशन पाण्डेय, बब्लू पाण्डेय और संतोष विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

साइबर ठगी के पीड़ित के 18,500 रुपये को पुलिस ने खाते में दिलाए



रुद्रपुर (देवरिया)। साइबर ठगी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए रुद्रपुर पुलिस की साइबर टीम ने पीड़ित सुशील शर्मा के 18,500 रुपये वापस कराए। दूधेश्वरनाथ वार्ड निवासी सुशील शर्मा ने 22 नवंबर 2024 को एनसीआरपी पोर्टल पर साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए साइबर टीम ने ठगी की धनराशि समय रहते होल्ड कराई और आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर पीड़ित के खाते में वापस करा दी। रुपये वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस टीम के प्रति आभार जताया। इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर, साइबर प्रभारी एसआई शिवम तिवारी और कांस्टेबल अनिल यादव शामिल रहे।

गाजीपुर में ज्वेलर्स शोरूम लूट के बाद पुलिस का ताबड़तोड़ एक्शन, मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

तीन घंटे के भीतर पुलिस ने दबोचे दो आरोपी, पैर में लगी गोली; पांच सोने की चेन और हथियार बरामद, तीसरे बदमाश की तलाश जारी

गाजीपुर। शहर के बंशी बाजार स्थित संगिनी ज्वेलर्स शोरूम में हथियारों के बल पर हुई लूट की वारदात के बाद गाजीपुर पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, वारदात के करीब तीन घंटे के भीतर सदर कोतवाली क्षेत्र के मीरनपुर सक्का इलाके में बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई। जवाबी फायरिंग में दोनों आरोपियों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान संजय कुमार दुबे और पुष्कर दुबे के रूप में हुई



है। दोनों रिश्ते में चाचा-भतीजा बताए जा रहे हैं और नोनहरा थाना क्षेत्र के खातीपुर गांव के निवासी हैं। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट की पांच सोने की चेन, दो पिस्टल, दो खोखा कारतूस और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। वारदात में इस्तेमाल की गई कार भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली है।

फायरिंग कर शोरूम से लूटी थीं छह सोने की चेन

मिली जानकारी के अनुसार, रविवार शाम करीब पौने सात बजे सदर कोतवाली क्षेत्र के बंशी बाजार स्थित संजय कुमार वर्मा के संगिनी ज्वेलर्स शोरूम में तीन हथियारबंद बदमाश पहुंचे थे। आरोप है कि बदमाशों ने फायरिंग करते हुए शोरूम में लूटपाट की और छह सोने की चेन लेकर चारपहिया वाहन से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तत्काल तीन पुलिस टीमों का गठन किया।

शहर की घेराबंदी के दौरान हुई मुठभेड़

लूट की वारदात के बाद पुलिस ने शहर में नाकेबंदी कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान सदर कोतवाली क्षेत्र के मीरनपुर सक्का इलाके में पुलिस टीम का सामना आरोपियों से हुआ।

पुलिस के मुताबिक, बदमाशों ने पुलिस टीम को देखकर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाई, जिसमें दो आरोपी घायल हो गए। इसके बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। घायल आरोपियों को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। तीसरे आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों के कब्जे से लूटी गई पांच सोने की चेन बरामद की हैं। वहीं, फरार तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

पुलिस अधीक्षक ने कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम की सराहना करते हुए 25 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया है। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर लूट की वारदात से जुड़े अन्य पहलुओं और फरार आरोपी की भूमिका की जांच कर रही है।

गाजीपुर पुलिस की त्वरित कार्रवाई से व्यापारियों और स्थानीय लोगों को राहत मिली है। हालांकि, तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी और लूट की पूरी रकम व सामान की बरामदगी पुलिस के लिए अभी बाकी चुनौती है।

प्रयागराज में राममय हुई शाम - मानस की चौपाइयों पर हुई अनोखी अंत्याक्षरी, अवधेशानन्द टोली ने मारी बाजी

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम





प्रयागराज। संगम नगरी में शनिवार को भक्ति और साहित्य का अनोखा संगम देखने को मिला। ज्वाला देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज, गंगापुरी में गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरितमानस के दोहों और चौपाइयों से पूरा परिसर गूंज उठा। नगर के प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संगठन अभिनव, प्रयागराज ने छात्रों के लिए रामचरितमानस अंत्याक्षरी प्रतियोगिता का आयोजन किया था।

कौशल्यनन्दन, रामभद्र, अवधेशानन्द, रघुनन्दन, दशरथनन्दन और पुरुषोत्तम में विभाजित किया गया। हर टोली ने एक-दूसरे को चौपाई, दोहा और सोरठा से चुनौती दी। छात्रों की कंठस्थ याददाश्त, लय और शुद्ध उच्चारण ने सभी को हैरान कर दिया। भक्तिमय माहौल में दर्शक भी राम नाम की धुन में झूम उठे। प्रतियोगिता में अवधेशानन्द टोली ने शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। दशरथनन्दन टोली को द्वितीय और रामभद्र टोली को तृतीय पुरस्कार मिला।प्राचार्य बांके बिहारी ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में संस्कार और साहित्य के प्रति रुचि जगाती हैं। मुख्य अतिथि नरेन्द्र मोहन, विशिष्ट अतिथि राजेश श्रीवास्तव और कवि रवीन्द्र कुशवाहा ने कहा कि रामचरितमानस भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इसे रचनात्मक गतिविधियों के जरिए नई पीढ़ी तक पहुंचाना समय की जरूरत है। इससे युवा अपनी जड़ों से जुड़े रहेंगे। अंत में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

दुबहा के भीटेश्वर धाम में कृष्णमय हुई शाम - अरुणाचार्य की कथा पर मटकी फूटते ही बरसा माखन

इंडिपेंडेंट भारत लालापुर/प्रयागराज राहुल द्विवेदी



दुबहा,प्रयागराज। बारा के भीटेश्वर धाम दुबहा में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को भक्ति का ऐसा रंग जमा कि पंडाल वृंदावन बन गया। कथा व्यास डॉ. अरुणाचार्य जी महाराज ने बाल कृष्ण की नटखट लीलाओं का वर्णन किया तो श्रद्धालु झूम उठे।महाराज ने कहा, यशोदा लाख रोके, पर कन्हैया गोपियों के घर जाकर माखन चुराते, मटकी फोड़ते और फिर कहते मैंने नहीं किया। भगवान को माखन नहीं, भक्त का प्रेम चाहिए। इसी भाव को जीवंत करने के लिए पंडाल में मटकी फोड़ का मंचन हुआ। जैसे ही बाल गोपाल बने बच्चों ने ऊंची टंगी मटकी फोड़ी, दही-माखन की बौछार से पूरा पंडाल भीग गया और जयकारे गूंज उठे। इसके बाद गोवर्धन लीला सुनाई। इंद्र के अभिमान में सात दिन की वर्षा पर सात साल के कन्हैया ने उंगली पर पर्वत उठाकर ब्रज को बचाया। संदेश साफ है, भगवान भक्त को अकेला नहीं छोड़ते। पंडाल में सजी गोवर्धन झांकी आकर्षण का केंद्र रही। आज भगवान को 56 भोग अर्पित किए गए। लड्डू, पूड़ी, कचौड़ी, खीर, हलवा, फल, माखन-मिश्री से सजी विशाल थाल देख भक्त निहाल हो गए। आयोजकों ने बताया कि यह परंपरा यशोदा के 7 दिन तक 8 पहर 56 भोग लगाने से चली आ रही है। रविवार होने से महिलाओं और बच्चों की भारी भीड़ उमड़ी। पूरा धाम राधे-राधे से गूंज उठा। सोमवार को महारास और रुक्मणी विवाह की कथा होगी।

सेहुंडा की रामलीला में लंका दहन पर फूटा हुंकार - अग्नि को साक्षी मान बंधी राम-सुग्रीव की मैत्री



इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

सेहुंडा,प्रयागराज। बारा के सेहुंडा गांव में रामलीला के दौरान शनिवार की रात शरद की खामोशी के बीच जब शंखनाद हुआ तो पूरा मंच अयोध्या से किष्किंधा होते हुए लंका तक जीवंत हो उठा। दर्शकों ने राम-सुग्रीव मैत्री, बालि वध और हनुमान द्वारा लंका दहन की लीला को सांस थामकर देखा।लीला की शुरूआत ऋष्यमूक पर्वत से हुई, जहां सीता वियोग में व्याकुल राम और बालि के भय से छिपे सुग्रीव का मिलन हनुमान ने कराया। दोनों ने जलती अग्नि को साक्षी मानकर मित्रता की शपथ ली। राम के "भय त्यागो वानरराज" कहते ही पंडाल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। अगला दृश्य किष्किंधा का था। सुग्रीव की चुनौती पर बालि गरजते हुए आया। दोनों में घमासान मल्लयुद्ध हुआ। दर्शक रोमांच से भर उठे। अंत में श्रीराम ने छिपकर बाण चलाकर बालि का वध किया और समझाया कि छोटे भाई की पत्नी पर कुदृष्टि रखने वाला दंड का भागी है। पश्चाताप के बाद बालि को मोक्ष मिला और सुग्रीव को किष्किंधा का राज।सबसे आकर्षक प्रसंग लंका दहन रहा। विशाल समुद्र लांघकर हनुमान का लंका पहुंचना, रावण की सभा में "मैं रामदूत हनुमान" की गर्जना और पूंछ में आग लगने के बाद पूरी सोने की लंका को जलाना देख दर्शक झूम उठे। आग की लपटों में कूदते हनुमान के दृश्य पर "जय बजरंग बली" के जयकारे गूंजे। अंत में राम ने हनुमान को गले लगाकर भक्त और भगवान के प्रेम को दशार्या।

ईश्वर शरण कॉलेज में लगा मेगा शिविर - न्यायाधीश शेषमणि बोले, योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र तक पहुंचे

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



प्रयागराज। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार को ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज में मेगा सहायता शिविर लगा। जनपद न्यायाधीश एवं प्राधिकरण अध्यक्ष शेषमणि ने दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया।शिविर में विभिन्न विभागों के सैकड़ों लाभार्थियों को लाभ दिया गया। जनपद न्यायाधीश ने दिव्यांगों को कृत्रिम उपकरण, महिलाओं को पेंशन स्वीकृति पत्र, उद्यमियों को डेमो चेक, छात्रों को प्रशस्ति पत्र और आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे। दिव्यांगजन, मुख्यमंत्री बाल सेवा, निराश्रित महिला पेंशन, उद्योग प्रोत्साहन, बेसिक शिक्षा, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास, डूडा, पीएम आवास, पीएम स्वनिधि, विश्वकर्मा श्रम सम्मान और एक जनपद एक उत्पाद समेत 15 विभागों के स्टॉल लगे थे।अपने संबोधन में जनपद न्यायाधीश ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का काम सिर्फ कानूनी मदद देना नहीं, बल्कि सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भी है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका चाहती है कि मुकदमे कम हों और विवाद सुलह से निपटें, इसलिए मध्यस्थता केंद्र बनाए गए हैं। अधिक से अधिक लोग इसका लाभ लें।

सचिव प्रदीप्ति सिंह और नोडल अधिकारी विनोद कुमार चौरसिया ने कहा कि निर्बल वर्ग, महिला, बच्चे, दिव्यांग और एससी-एसटी को योजनाओं से जोड़ना प्राधिकरण की प्राथमिकता है। स्टॉलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पात्रों को तुरंत लाभ दें।

संस्कृति विभाग की प्राचीन पांडुलिपि प्रदर्शनी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में बार अध्यक्ष केवी तिवारी, अधिवक्ता परमानंद मिश्रा, देवेश शुक्ला समेत न्यायिक अधिकारी और बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

दाल-भात परिवार का 8वां स्थापना समारोह - राष्ट्रऋषि हरिकृष्ण शुक्ल बोले, प्रयागराज सनातन की राजधानी

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



प्रयागराज। सादगी और सेवा का प्रतीक बना दाल-भात परिवार ने शनिवार को अपने गौरवशाली 8 वर्ष पूरे किए। इस अवसर पर वेद-वेदांग मर्मज्ञ और राष्ट्रऋषि आचार्य हरिकृष्ण शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके आगमन से पूरा परिसर वैदिक मंत्रोच्चार से गूंज उठा। भाजपा प्रदेश और काशी क्षेत्र के पदाधिकारियों, युवा मोर्चा, ब्लॉक प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों और भाजपा परिवार ने आचार्य जी का जोरदार स्वागत किया। गदा, अंगवस्त्र और पुष्पमाला भेंट कर सम्मानित किया गया।आचार्य हरिकृष्ण शुक्ल ने कार्यक्रम से पहले शंकराचार्य महाराज का आशीर्वाद लिया। मंच से उन्होंने कहा कि प्रयागराज केवल शहर नहीं, सनातन चेतना है। यहां का विकास धर्म, संस्कृति और आधुनिकता के संगम से होना चाहिए। दाल-भात परिवार जैसा आयोजन समाज को जोड़ता है। यह अन्न नहीं, संस्कार बांटता है।उन्होंने कहा कि 8 साल में दाल-भात ने जो समरसता की अलख जगाई है, वह पूरे प्रदेश के लिए मिसाल है। आज जब परिवार बिखर रहे हैं, ऐसे में एक थाली में बैठकर भोजन करना सामाजिक एकता का संदेश है। भाजपा नेताओं ने कहा कि आचार्य जी का मार्गदर्शन युवाओं के लिए राष्ट्रवाद की पाठशाला है। कार्यक्रम के अंत में सैकड़ों लोगों ने एक साथ बैठकर दाल-भात का प्रसाद ग्रहण किया। हर जुबान पर था - जय सियाराम और दाल-भात परिवार की जय।

कांटी में धनुष भंग होते ही गूंजे जयकारे - आदर्श रामलीला मंडल के मंचन ने मोहा मन, पुलिस रही मुस्तैद

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम



कांटी,प्रयागराज। बारा तहसील के कांटी गांव में चल रही श्री आदर्श रामलीला नाट्य मंडल की रामलीला में शुक्रवार रात धनुष यज्ञ का भव्य मंचन हुआ। जैसे ही राम ने शिव धनुष तोड़ा, पूरा पंडाल जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठा। इसे देखने के लिए दूर-दराज से हजारों ग्रामीण जुटे थे।कथा प्रसंग में राजा जनक ने प्रतिज्ञा की कि जो वीर महादेव के धनुष को खंडित करेगा, उसी को सीता वरेगी। बड़े-बड़े राजा-महाराजा असफल रहे, फिर गुरु विश्वामित्र की आज्ञा से राम ने धनुष को तोड़ा। इस दृश्य को कलाकारों ने इतने सजीव ढंग से पेश किया कि दर्शक भाव विभोर हो गए।जनक की भूमिका में सुनील मिश्र ने शानदार अभिनय किया। राम बने आलोक मिश्र, लक्ष्मण बने अंश मिश्र और सीता के रूप में अभय ठाकुर ने सबका दिल जीता। रावण की भूमिका अमित द्विवेदी, बाणासुर अमित पांडेय, विश्वामित्र नारायण प्रसाद त्रिपाठी और अन्य किरदारों में रवीश मिश्र, नीरज मिश्र, श्याम कृष्ण पांडेय, वीरेंद्र मिश्र ने जान डाल दी।

आयोजन को सफल बनाने में मोतीसरन पांडेय, स्वर्णधर द्विवेदी और पिंटू मिश्र का विशेष योगदान रहा। सुरक्षा के लिए घूरपुर इंस्पेक्टर हरिकेश सिंह दल-बल के साथ अंत तक मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि कांटी की यह रामलीला दशकों पुरानी परंपरा है, जो गांव की सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है और हर साल श्रद्धा से इसका मंचन होता है।

समाचार

गोंडा-लखनऊ रेलखंड पर मिला महिला का क्षत-विक्षत शव, परिजनों में कोहराम

चार बच्चों के सिर से उठा मां का साया

कटरा बाजार-गोंडा। गोंडा-लखनऊ रेलखंड पर शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। पोल संख्या 671/13 के पास रेलवे ट्रैक के समीप एक 40 वर्षीय महिला का क्षत-विक्षत शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। शव की शिनाख्त कटरा बाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भैरमपुर के महेशपुरवा गांव निवासी शिवप्यारी (40) पत्नी मनीराम के रूप में हुई। महिला की पहचान होने की खबर जैसे ही उसके पैतृक गांव पहुंची, वहां मातम छा गया। ग्रामीणों के अनुसार मृतका के पति मनीराम जीविका चलाने के लिए बाहर रहकर मजदूरी का काम करते हैं। शिवप्यारी के परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है, जिनके सिर से मां का साया उठ जाने के बाद से बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, फिलहाल इसकी कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ सकी है। कटरा बाजार के थानाध्यक्ष अजय कुमार तिवारी ने बताया कि महिला की पहचान हो चुकी है। रेलवे पुलिस और कटरा बाजार पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन लोग घायल

काली मंदिर के पास हुआ हादसा, पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी कोटवा पहुंचाया

नेबुआ नौरंगिया, कुशीनगर। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के सिरसिया विरभान में रविवार शाम करीब छह बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा भिजवाया। मिली जानकारी के अनुसार, सिरसिया कला ग्रामसभा के सिरसिया विरभान निवासी श्यामसुंदर और विनोद मोटरसाइकिल से नौरंगिया की तरफ से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विशुनपुरा ग्रामसभा के नौका टोला निवासी पिंटू पुत्र उछाई अपने घर से ससुराल जा रहे थे। अभी वे सिरसिया विरभान स्थित काली मंदिर के पास पहुंचे ही थे कि दोनों मोटरसाइकिलों के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवारों समेत तीन लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचवाया। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

भाजपा की प्रदेश टीम में अनिल पांडेय बने लघु उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक

डॉ अजय मणि. डॉ अभय मणि,निशि रंजन तिवारी, छट्ठे लाल निगम को मिली बड़ी जिम्मेदारी

विनय कुमार गुप्ता

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की नई टीम में मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों की घोषणा के साथ ही देवरिया जनपद के कई वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता अनिल कुमार पांडेय को लघु उद्योग प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक बनाया गया है। इसके अलावा डॉ. अजय मणि त्रिपाठी को प्रबुद्ध प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक, डॉ. अभय मणि को चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक तथा निशिरंजन तिवारी को पर्यावरण प्रकोष्ठ का प्रदेश सह संयोजक बनाया गया है। वहीं स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ की प्रदेश टीम में छट्ठे लाल निगम को भी प्रदेश स्तर पर जिम्मेदारी मिली है। अनिल कुमार पांडेय सहित सभी नेताओं के मनोनयन पर भाजपा जिलाध्यक्ष काली प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष जय बहादुर गौतम, कमलेश सिंह, ऋषि सिंह समेत पार्टी के तमाम पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी। नेताओं ने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारियों के माध्यम से संगठन को और मजबूती मिलेगी।

4 नवंबर को पटेल सेवा संस्थान में गरजेगा अपना दल कमेरावादी - स्थापना दिवस पर कार्यकताओं का महाजुटान

इंडिपेंडेंट भारत जिला संवाददाता प्रयागराज बालेंद्र कुमार बलराम

प्रयागराज। अपना दल (कमेरावादी) का 2026 का स्थापना दिवस इस बार प्रयागराज में शक्ति प्रदर्शन के रूप में मनाया जाएगा। 4 नवंबर को सरदार वल्लभभाई पटेल सेवा संस्थान में भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित होगा, जिसमें जमुनापार समेत पूरे जिले से हजारों कार्यकर्ता जुटेंगे।जिला मीडिया प्रभारी रामबाबू पटेल ने बताया कि इस सम्मेलन में संगठन की नई रणनीति तय होगी। बूथ स्तर तक कार्यकताओं को सक्रिय करना, पिछड़े-दलित और वंचित वर्ग के मुद्दों को धार देना और संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल के विचारों को घर-घर पहुंचाने पर मंथन होगा।पार्टी ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मंच, पोस्टर, बैनर और कार्यकताओं के स्वागत की व्यवस्था को लेकर पदाधिकारियों की बैठकें चल रही हैं। माना जा रहा है कि सम्मेलन में आगामी पंचायत और विधानसभा चुनावों को लेकर भी दिशा तय की जाएगी।मीडिया को भेजे आमंत्रण में रामबाबू पटेल ने कहा कि लोकतंत्र का चौथा स्तंभ मीडिया ही पार्टी की आवाज को जनता तक पहुंचाता है। इसलिए सभी इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के संपादक, ब्यूरो चीफ और संवाददाताओं से आग्रह है कि सम्मेलन में पहुंचकर कवरेज करें।उन्होंने कहा कि अपना दल कमेरावादी शुरू से कमेरावादी विचारधारा और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहा है। स्थापना दिवस केवल जश्न नहीं, संकल्प का दिन है। सभी पत्रकार बंधुओं का हार्दिक स्वागत है।

संक्षिप्त समाचार

प्रियंका बनी करबा क्वीन, रूबी के सिर बेस्ट सोलह शृंगार का ताज



हरदोई। कुबेर लाल जनसेवा संस्थान की ओर से वैभव लॉन में करवा चौथ उत्सव में प्रियंका गुप्ता (क्षमा) को करवा क्वीन चुनी गईं। रूबी सिंह के हाथ बेस्ट सोलह श्रृंगार का खिताब लगा। संस्थान संस्थापक डॉ. निरमा देवी, काजल शरद गुप्ता और मनीष कुमार मौजूद रहे। महिलाओं ने नृत्य, रैंप वॉक और विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। बेस्ट रैंप वॉक का पुरस्कार शीतल, बेस्ट डांस का प्रिया बाजपेयी, बेस्ट मेहंदी का संध्या और बेस्ट ड्रेस का पुरस्कार शिवानी वर्मा को मिला। वन मिनट गेम में प्रिया मनीष विजेता रहीं। पूजा सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

छह पुलिसकर्मियों को विदाई, शॉल-गीता की भेंट, एएसपी ने दिया प्रशस्ति पत्र



हरदोई। पुलिस विभाग में लंबे समय तक सेवाएं देने के बाद 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त छह पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) सुबोध गौतम ने सभी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। उन्हें शॉल और श्रीमद्भगवद्गीता भेंट कर सेवाकाल में किए गए नि :स्वार्थ योगदान के लिए आभार जताया। सेवानिवृत्त होने वालों में उप निरीक्षक संतोष कुमार, राम सोनकर, लक्ष्मी नारायण, मुख्य आरक्षी मार्कण्डेय सिंह, जनार्दन प्रसाद द्विवेदी और उर्दू अनुवादक मोहम्मद इलियास शामिल रहे। इस दौरान सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों के परिजन भी मौजूद रहे। एएसपी ने सेवानिवृत्त कर्मियों के योगदान की। कहा, विभाग में उनकी निष्ठा, अनुशासन और सेवा भावना स्मरणीय रहेगी।

माटीकला : हरदोई की सुनीता मंडल में प्रथम, मिली 15 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि



हरदोई। बिलग्राम तहसील की उद्यमी सुनीता पत्नी अरविंद कुमार को माटीकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मंडल स्तरीय प्रथम पुरस्कार मिला है। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी (लखनऊ) ने उन्हें 15 हजार रुपये की धनराशि देकर सम्मानित किया। जानकारी जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी सुष्मिता सिंह ने दी।

सीएचसी में सीएमओ का औचक निरीक्षण 12 कर्मचारी मिले नदारद



लहरपुर। सीएचसी लहरपुर में शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुख रंजन समद्दर के औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई। अस्पताल में 12 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। इस पर सीएमओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए सभी अनुपस्थित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की उपस्थिति व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए। सीएमओ ने इमरजेंसी वार्ड पहुंचकर भर्ती मरीजों से सीधे बातचीत की और उपचार व स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। इसके बाद फार्मेसी में दवाओं के स्टॉक की जांच की, जो सही पाया गया। अस्पताल के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परिसर में साफ-सफाई की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए। सीएमओ ने कर्मचारियों को समय से ड्यूटी पर पहुंचने और मरीजों के इलाज में किसी तरह की लापरवाही न बरतने की हिदायत दी।

केसीसी के 2.98 करोड़ डूबे, 13 डीसीबी कर्मी जांच में दोषी

एनपीए 5 से बढ़कर 19 फीसद, शासन ने किए 5 मैनेजर, कैशियर सस्पेंड

■ हरदोई

जिला सहकारी बैंक में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण वितरण में अनियमितताओं से 2.98 करोड़ रुपये का कर्ज डूब गया। बैंक में डूबे कर्ज (एनपीए) का स्तर पांच प्रतिशत से 19 प्रतिशत पहुंचने पर प्राथमिक जांच में 13 कर्मी दोषी मिले हैं। इनमें छह वर्तमान कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है। दो सेवानिवृत्त अधिकारियों और पीसीयू के चार कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है। पीसीयू के एक कर्मचारी की मृत्यु हो चुकी है।

सेवानिवृत्त अधिकारियों और पीसीयू कर्मियों पर भी कार्रवाई की तैयारी

बैंक के सचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अश्वनी कुमार कटिहार ने बताया, पाली शाखा के प्रबंधक बहराम और कैशियर दीपक, पिहानी शाखा के प्रबंधक रामपाल, सांडी शाखा के प्रबंधक भानु प्रताप सिंह, टड़ियावां शाखा की प्रबंधक श्रद्धा सिंह और मल्लावां शाखा के प्रबंधक शैलेश कुमार वर्मा को निलंबित किया गया है। जांच में सांडी और पिहानी शाखा के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक राकेश त्रिपाठी और पिहानी के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक मूलचंद्र की संलिप्तता भी सामने आई है। सेवानिवृत्त दोनों अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को पत्र भेजा गया है। बैंक में प्रतिनियुक्ति पर तैनात यूपी को-ऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड (पीसीयू) के सुपरवाइजर और कैशियर का काम देख रहे प्रदीप यादव, दिलीप तिवारी, सुशील कुमार, सुमन और आईएस पवन भी जांच के दायरे में आए हैं। आईएस पवन का निधन हो चुका है। शेष चार के विरुद्ध कार्रवाई के लिए पीसीयू को पत्र लिखा गया है।

26 को बैंक बोर्ड ने लिया कार्यवाही का निर्णय

सीईओ के अनुसार, संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक (लखनऊ मंडल) से 16 अक्तूबर को मिले पत्र के आधार पर 26 अक्तूबर को बैंक बोर्ड अध्यक्ष अशोक सिंह की अध्यक्षता में प्रबंध समिति की बैठक हुई थी। इसी में कार्रवाई का निर्णय लिया गया। मामले की विस्तृत विभागीय जांच अभी जारी है।

केसीसी घोटाले में सिर्फ बैंक कर्मचारी ही जिम्मेदार क्यों?

हरदोई। जिला सहकारी बैंक में केसीसी ऋण वितरण की अनियमितताओं को लेकर 13 कर्मियों को जांच में दोषी पाए जाने और छह कर्मचारियों के निलंबन के बाद बैंक की प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। प्रश्न है, जब ऋण वितरण, स्वीकृति, निगरानी और सत्यापन की जिम्मेदारी मुख्यालय के अधिकारियों की भी थी, तो जवाबदेही केवल शाखा स्तर तक सीमित क्यों रहे? निलंबित प्रबंधकों और कैशियर द्वारा उठाई जा रही मांगों में शाखावार वितरित ऋण, बकाया और एनपीए का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करने की बात शामिल है। यह भी पूछा जा रहा है, अब तक कितने शाखा प्रबंधकों, कैशियरों और सुपरवाइजरों पर कार्रवाई हुई। वसूली में लापरवाही के लिए किसकी जिम्मेदारी तय की गई।

मुख्यालय के अधिकारियों, पूर्व अध्यक्ष विद्याराम वर्मा के कार्यकाल पर भी सवाल



ऋण स्वीकृति से निगरानी तक की भूमिका जांचने की मांग : मुख्यालय के अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल हैं। ऋण खातों का समय-समय पर सत्यापन किसने किया, निरीक्षण रिपोर्ट में क्या सामने आया और अनियमितताओं के संकेत मिलने पर क्या कार्रवाई हुई? मुख्यालय में वर्षों से तैनात अधिकारियों, शाखा प्रबंधकों के रिक्त पदों और कैशियरों से प्रबंधकीय काम लेने की व्यवस्था पर भी स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। निगरानी की जिम्मेदारी निभाने में विफल रहे अधिकारियों की पदोन्नति की जांच की मांग भी उठी है।

विद्याराम के रिजीम में लाखों के डेट स्टॉक बिक्री, आशीष श्रीवास्तव की भूमिका की हो जांच : पूर्व अध्यक्ष विद्याराम वर्मा के कार्यकाल में लाखों रुपये के कथित डेट स्टॉक की बिक्री का मामला भी जांच के दायरे में लाने की मांग की गई है। इसमें बिक्री की राशि, प्रक्रिया, खरीदार और शर्तों के साथ आशीष श्रीवास्तव की भूमिका स्पष्ट करने को कहा गया है। तत्कालीन अध्यक्ष के पारिवारिक अथवा व्यक्तिगत प्रभाव में ऋण स्वीकृति के आरोपों की भी स्वतंत्र जांच की मांग है। यह भी कि पिछले वर्षों के बड़े ऋणों की सूची, शाखावार एनपीए, अवसूल ऋणों का ब्योरा, ऋण स्वीकृति की फाइलें, मुख्यालय की निरीक्षण रिपोर्ट और अधिकारियों की कार्य-समीक्षा सार्वजनिक की जाए। सवाल है, ऋण किसने स्वीकृत किया, निगरानी किसने की और वसूली क्यों नहीं हुई? जांच का दायरा शाखा कर्मचारियों से आगे बढ़ाकर उच्चाधिकारियों और पूरी प्रशासनिक श्रृंखला तक पहुंचाने की मांग की जा रही है।

एससी-एसटी बेरोजगारों को मिलेगा इलेक्ट्रीशियन-ब्यूटीशियन प्रशिक्षण

हरदोई। अनुसूचित जाति-जनजाति के 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए चार माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उपायुक्त (उद्योग) हर्ष प्रताप सिंह ने बताया, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र में 45-45 प्रशिक्षणार्थियों के दो बैच संचालित करने का प्रस्ताव है। पुरुषों को इलेक्ट्रीशियन और महिलाओं को ब्यूटीशियन ट्रेड का प्रशिक्षण मिलेगा। इसमें एक माह का सैद्धांतिक और तीन माह का व्यावहारिक प्रशिक्षण होगा। प्रशिक्षण के दौरान अधिकतम पांच हजार रुपये मानदेय भी डीबीटी से दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 25 नवंबर तक द्वह्यद्वद्व.ह्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। चयन शैक्षिक योग्यता, अनुभव और साक्षात्कार के आधार पर होगा। आवेदन के लिए आधार कार्ड, कक्षा आठ या दस की अंकतालिका, जाति प्रमाणपत्र, बैंक पासबुक, फोटो, हस्ताक्षर और मोबाइल नंबर जरूरी हैं। पूर्व में किसी सरकारी योजना से प्रशिक्षण ले चुके और शिक्षारत अभ्यर्थी पात्र नहीं होंगे।

देशी रियासतों का विलय कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया : बीएसए

शिक्षक हितों की लड़ाई को धार देगा प्रा. शिक्षक संघ, पदाधिकारियों ने ली शपथ

■ सीतापुर

शिक्षक हितों की पैरवी और संगठन को मजबूत बनाने के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (सुशील पांडेय गुट) का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित नेहरू सभागार में हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील पांडेय की मौजूदगी में पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा जताते हुए शिक्षक हितों के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल के संरक्षण में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय एकता दिवस पर सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान को याद किया गया। बीएसए ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शिता से देशी रियासतों का विलय कर राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया। उनका जीवन संगठन की ताकत और एकजुटता की प्रेरणा देता है।

भाजपा पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष संतोष प्रजापति, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मनीष रस्तोगी और पेंशनर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष



सत्यदेव सिंह ने शिक्षक हितों और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दे उठाए। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए संगठन को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। संरक्षक आराध्य शुक्ला ने संगठन की भावी कार्ययोजना रखी। जिला मंत्री मोहम्मद नईम शेख ने शिक्षकों की समस्याओं और अधिकारों को प्रमुखता से उठाया। सम्मेलन में सेवा सुरक्षा, महिला शिक्षकों के सशक्तीकरण, प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता और संगठनात्मक पारदर्शिता को लेकर आवाज उठाने का निर्णय लिया गया। जिलाध्यक्ष बाल सरोज चतुर्वेदी ने कहा कि संगठन की मजबूती एकता, अनुशासन और आपसी विश्वास पर निर्भर है।

आज ऑफिसर क्लब में लगेगा बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर

फर्रुखाबाद। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में रविवार, 1 नवंबर को सुबह 10 बजे ऑफिसर क्लब, फतेहगढ़ में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर लगेगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार के मुख्य आतिथ्य में लगने वाले शिविर में विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे।

शिविर में आमजन को सरकारी योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही पात्र लाभार्थियों को चिह्नित कर नियमानुसार योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों को विधिक सहायता, कानूनी जागरूकता और विभागीय सेवाओं से संबंधित मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

आर्थिक लेनदेन के विवाद में युवक की हत्या शव सड़क पर रख परिजनों ने लगाया जाम

पांच आरोपितों की गिरफ्तारी और गैंगस्टर एक्ट लगाने की मांग

■ सीतापुर

पिसावां क्षेत्र के सरैया निवासी 24 वर्षीय नितेश कुमार मौर्य की हत्या के मामले में शनिवार को परिजनों और ग्रामीणों का आक्रोश सड़क पर दिखाई दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों ने बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। सैकड़ों ग्रामीणों की मौजूदगी में करीब एक घंटे तक प्रदर्शन चला। परिजनों ने नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी, उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई और संपत्तियों की कुर्की की मांग उठाई।

हंगामे की सूचना पर कई थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। सीओ कपूर कुमार ने परिजनों को आरोपितों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद जाम समाप्त हुआ और परिजन शव लेकर घर लौट गए। परिजनों के मुताबिक, नितेश 28 अक्टूबर को अपनी बहन के घर कोटवाधाम गया था। अगले दिन बाइक से गांव लौटते समय बड़डूपुर थाना क्षेत्र के ढफरपुर के पास उसकी बाइक मिली थी। आरोप है कि चार पहिया वाहन सवार लोगों ने उसका अपहरण कर लिया और लखीमपुर खीरी के मैगलगंज क्षेत्र में लिधियाई मोड़ के



पास धारदार हथियार से गला रेतकर उसे फेंक दिया। गंभीर रूप से घायल नितेश किसी तरह पिसावां थाना क्षेत्र के पेत्रू ढाबे तक पहुंचा। बोलने में असमर्थ होने पर उसने कागज पर लिखा, 'मुझे अस्पताल ले चलो, मनोज ने मरवाया है।' पुलिस उसे अस्पताल लेकर पहुंची, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

नितेश धान-गेहूं की खरीद-फरोख्त के साथ पानी की फैक्ट्री और आरओ कारोबार से भी जुड़ा था। परिजनों ने कारोबारी रंजिश और आर्थिक लेनदेन के विवाद को हत्या की वजह बताते हुए मनोज मौर्य, विपिन, अंकित गुप्ता समेत एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

सीतापुर। सीतापुर-लखीमपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बरखेरवा गांव के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में मातम छा गया।

हरगांव थाना क्षेत्र के मुमताजपुर गांव निवासी सूरज (28) पुत्र सरवन शनिवार को झरेखापुर बाजार गए थे। बाजार से सामान खरीदकर वह साइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बरखेरवा गांव के समीप अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सूरज गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े।



देशी अनाज और लोक संस्कृति के संगम से सजा तीन दिवसीय मेला शुरू

छात्रों को मिले सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख पुरस्कार

■ सीतापुर

देशी अनाजों के संरक्षण, ग्रामीण संस्कृति और लोक परंपराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तीन दिवसीय मेले का शुभारंभ हुआ। मेले में पारंपरिक अनाजों से लेकर ग्रामीण जीवन में इस्तेमाल होने वाली पुरानी वस्तुओं तक की प्रदर्शनी लगाई गई है। लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के बीच शुरू हुए इस आयोजन में पहले दिन बड़ी संख्या में लोगों ने रुचि दिखाई।

कार्यक्रम की शुरुआत पंजीकरण के साथ हुई। इसके बाद युवा टीम ने 'हम बाजरा, सावा हैं हम' गीत प्रस्तुत किया। गीत के जरिए पारंपरिक अनाजों के महत्व और उनकी उपयोगिता को सामने रखा गया। इसके बाद नौ प्रकार के देशी अनाजों को मिलाकर मेले का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बिहार से पहुंचे



आशीष ने मजदूरों और युवाओं से जुड़े सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि संगठन मजदूरों और किसानों के अधिकारों के लिए काम कर रहा है। समाज के इन वर्गों की समस्याओं को सामने लाना और उनके हितों की आवाज उठाना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है। मेले में देशी अनाजों के साथ ग्रामीण जीवन और लोक परंपराओं से जुड़ी वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई गई है। राखी, डोली और पीनस जैसी पारंपरिक वस्तुएं लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

15 कुंतल सोहन पापड़ी जब्त, हलवाई फरार, मिठाई की दो दुकानों से नमूने लिए

हरदोई। दीपावली के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग ने शनिवार को बिलग्राम रोड पर संदीप गुप्ता के प्रतिष्ठान पर छापा मारकर 15 कुंतल संदिग्ध सोहन पापड़ी जब्त की। मौके से सोहनपापड़ी का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया।

अधिकारियों के मुताबिक वहां सिंथेटिक रंग और अन्य संदिग्ध पदार्थ भी मिले। प्रतिष्ठान संचालक संदीप गुप्ता मौके पर नहीं मिला। विभाग ने विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। नॉर्मल स्कूल के पास मां स्वीट्स से लड्डू का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया। खाद्य सुरक्षा मानकों में कमियां मिलने पर प्रतिष्ठान को सुधार के लिए नोटिस जारी किया जा रहा है।

माल रोड पर बिजली के खंभे में उतरा करंट, गोवंश की मौत



■ सीतापुर

आवास विकास कॉलोनी के ए ब्लॉक स्थित माल रोड पर बिजली के लोहे के खंभे में उतरे करंट की चपेट में आने से एक गोवंश की मौत हो गई। हादसा ए/8 में मिश्रा जी के घर के सामने हुआ। खंभे के संपर्क में आते ही गोवंश करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, बिजली के खंभों में करंट उतरने की यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी इस तरह के हादसों में कई पशुओं की जान जा चुकी है। लोगों का कहना है कि यदि खंभे के संपर्क में कोई राहगीर या बच्चा आ जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। गोवंश की मौत ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा इंतजामों पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्थानीय नागरिकों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले का संज्ञान लेकर शहर में लगे लोहे के सभी विद्युत खंभों की जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि खंभों की अर्थिंग, तारों के जोड़ और इंसुलेशन की जांच कराकर जरूरी मरम्मत कराई जाए, जिससे भविष्य में किसी इंसान या बेजुबान पशु को अपनी जान न गंवानी पड़े।

राष्ट्रीय एकता दिवस

सरदार पटेल को नमन कर अधिकारियों ने ली एकता की शपथ



■ फर्रुखाबाद

राष्ट्रीय एकता दिवस पर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती मनाई गई। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के बाद देशी रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में उनकी ऐतिहासिक भूमिका रही। उनके दृढ़ संकल्प, साहस और कुशल नेतृत्व ने देश की एकता एवं अखंडता को मजबूती प्रदान की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता दिवस का उद्देश्य देश की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करना है। सभी को आपसी सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए अपने दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की सामूहिक शपथ ली। इस दौरान नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार सहित कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

अधिकारियों-पुलिसकर्मियों ने ली शपथ, डीए और एसपी ने दिलाया राष्ट्रीय एकता-अखंडता का संकल्प

सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर सीतापुर में गूंजा एकता का संदेश



■ सीतापुर

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस दौरान प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से अलग-अलग कार्यक्रम कर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने का संकल्प लिया गया।

कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई। वहीं, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी ने विकास भवन में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। पुलिस विभाग की ओर से रिजर्व पुलिस लाइन समेत जिले के सभी थानों में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने पुलिस लाइन में सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और आंतरिक सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई।

पुण्यतिथि पर इंदिरा गांधी, जयंती पर सरदार पटेल को कांग्रेसजन ने दी श्रद्धांजलि

हरदोई। जिला कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और पूर्व उप प्रधानमंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कांग्रेसजनों ने दोनों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे ने कहा, सरदार पटेल ने एकीकृत और मजबूत राष्ट्र के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। इंदिरा गांधी ने देश की एकता-अखंडता के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

भाजपा कार्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर किया नमन



हरदोई। राष्ट्रीय एकता दिवस पर भाजपा जिला कार्यालय में भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। पदाधिकारियों ने राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष प्रीतेश दीक्षित, महामंत्री ओम वर्मा सत्येन्द्र राजपूत, अनुराग मिश्रा, मीडिया प्रभारी अतुल सिंह चाऊंपुर, सह-सोशल मीडिया संयोजक ऋतुराज त्रिपाठी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष अनुराधा मिश्रा, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश पाल, महिला मोर्चा उपाध्यक्ष नीलम अग्रवाल व हर्षिता सिंह, मीडिया संयोजक अनीता अवस्थी, सदस्य शशि श्रीवास्तव एवं पूर्णिमा सिंह, आशीष सिंह सोमवंशी और ऋषभ त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर कलेक्ट्रेट के सभागार में हुआ सीएम के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण



हरदोई। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर शनिवार को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। कलेक्ट्रेट के स्वामी विवेकानंद सभागार में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इसमें सरदार वल्लभभाई पटेल कौशल प्रशिक्षण एवं रोजगार क्षेत्र विकास योजना का शुभारंभ भी शामिल रहा। प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक (डीआरडीए) अशोक कुमार मौर्य, नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार और जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। राष्ट्रीय एकता और अखंडता बनाए रखने का आह्वान किया। स्वामी विवेकानंद सभागार से गांधी भवन तक रन फॉर यूनिटी में अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों और विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

संक्षिप्त समाचार

कृषि निर्यात क्लस्टर गठन में देरी पर सीडीओ सख्त

बुलन्दशहर। कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति-2019 के तहत कृषि निर्यात क्लस्टर सुविधा इकाई की समीक्षा बैठक हुई। सीडीओ ने लंबित क्लस्टरों का गठन जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि बासमती धान के तीन कृषि निर्यात क्लस्टर घोषित हो चुके हैं। बासमतीनेट पर 37 और हार्टीनेट पोर्टल पर 31 किसानों का पंजीकरण कराया गया है। नागर बंधु एफपीओ ने एक माह में आलू और मक्का के निर्यात क्लस्टर का प्रस्ताव भेजने की बात कही। एपीडा प्रतिनिधि मुकेश कुमार ने एफपीओ को निर्यात प्रक्रिया, गुणवत्ता मानकों, पैकेजिंग, ट्रेसेबिलिटी और अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन की जानकारी दी। सीडीओ ने कृषि विभाग को मक्का व सरसों तथा उद्यान विभाग को आलू, आम और हरी सब्जियों के निर्यात क्लस्टर समय से गठित करने के निर्देश दिए।

प्रसिद्ध व्यापारी अनिल कुमार अग्रवाल का निधन, हजारों लोग अंतिम यात्रा में हुए शामिल

डिबाई। नगर के प्रसिद्ध व्यापारी अनिल कुमार अग्रवाल (72) का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन पर अनाज मंडी बंद रही। राजघाट गंगा तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए।

कोतवाली में मनाया सरदार पटेल का 151वां जन्मदिवस



राष्ट्रीय एकता दिवस कार्यक्रम में शपथ लेते पुलिस अधिकारी।

डिबाई। सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में डिबाई कोतवाली में मनाई गई। सीओ मधुप कुमार और कोतवाली प्रभारी विशाल प्रताप चौहान के नेतृत्व में बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाकर आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चों और नगर के गणमान्य लोगों ने सहभागिता की।

निर्माणाधीन पुल से नीचे गिरा लोहे की चादरों से भरा ट्रक, एनएचएआई के खिलाफ आक्रोश

डिबाई। नेशनल हाईवे-509 पर नीम नदी के निर्माणाधीन पुल का डिवाइडर तोड़कर लोहे की चादरों से भरा ट्रक नीचे जा गिरा। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में एनएचएआई के खिलाफ आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि हाईवे का निर्माण अधूरा होने के बावजूद भारी टोल टैक्स वसूला जा रहा है, जबकि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। उन्होंने पुल का निर्माण पूरा होने और आवागमन सुचारु होने तक टोल वसूली बंद करने की मांग की है।

सरदार पटेल के आदर्शों पर चल रहा अपना दल एस

बुलन्दशहर। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर अपना दल एस के जिलाध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने जिला कार्यालय पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्र की एकता व अखंडता में उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में पार्टी पिछड़े, शोषित व वंचित वर्गों के अधिकारों और सामाजिक न्याय के लिए कार्य कर रही है। जिला उपाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कार्यकर्ताओं से सरदार पटेल के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सपा ने मनाई आचार्य नरेंद्र देव और सरदार पटेल की जयंती

बुलन्दशहर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को आचार्य नरेंद्र देव और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने की तथा संचालन जिला महासचिव कृष्णपाल यादव ने किया। इस अवसर पर मतलूब अली ने कहा कि आचार्य नरेंद्र देव ने समाजवाद, समानता और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को मजबूत किया, जबकि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि सपा इन महान विभूतियों के आदर्शों पर चलकर सामाजिक सद्भाव, भाईचारे और जनकल्याण के लिए संघर्ष करती रहेगी।

मुथूट फिनकॉर्प की नई शाखा का शुभारंभ, रोहित पहाड़ी ने किया उद्घाटन



मुथूट फिनकॉर्प की नई शाखा के शुभारंभ पर व्यापारी नेता रोहित पहाड़ी का स्वागत करते शाखा के अधिकारी।

जहांगीराबाद। नगर के पुख्ता बाजार-आहार बाईपास रोड पर मुथूट फिनकॉर्प की नई शाखा का शुभारंभ व्यापारी सुरक्षा फोरम के नगर अध्यक्ष एवं व्यापारी नेता रोहित पहाड़ी ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित वित्तीय संस्थान की शाखा खुलने से नगरवासियों को वित्तीय सेवाओं की सुविधाएं मिलेंगी। इस दौरान एरिया मैनेजर वैभव सक्सेना, ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार सहित टीम के सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में राजकुमार गोयल, मुक्की सिंघल, सुनील लखानी, दीपक गर्ग समेत अनेक व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी ने खुर्जा के राहुल राठी को भेजा प्रशंसा पत्र

खुर्जा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुर्जा निवासी युवा सामाजिक कार्यकर्ता राहुल राठी के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशंसा पत्र भेजा है। मुख्यमंत्री ने पत्र में राहुल के परिश्रम, संवेदनशीलता और समाज के प्रति समर्पण को उल्लेखनीय बताया। उन्होंने कहा कि राहुल जरूरतमंदों और समाज के अंतिम व्यक्ति के बीच महत्वपूर्ण कड़ी बनकर कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में संचालित विकास योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में ऐसे सामाजिक कार्यकर्ताओं की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।

जहारवीर मंदिर की गली में हफ्तेभर से कूड़े के ढेर, सफाई व्यवस्था ठप

औरंगाबाद। कस्बे के वार्ड छह में जहारवीर बाबा मंदिर वाली गली में हफ्तेभर से सफाई नहीं होने के कारण कूड़े के ढेर लगे हैं। इसी गली में प्रसिद्ध मां चामुंडा देवी मंदिर भी स्थित है। सफाई व्यवस्था ठप होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सभासद बब्लू लोधी ने शनिवार को नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी रोहित कुमार से शिकायत की। ईओ ने केयरटेकर को फटकार लगाई तो उसने कूड़ा दोपहर 12 बजे ही उठवाने का दावा किया। सभासद ने मौके पर पहुंचकर देखा तो कूड़ा जस का तस पड़ा था। उन्होंने ईओ को फोन कर मौके पर आने का आग्रह किया, लेकिन न तो ईओ मौके पर पहुंचे और न ही कूड़ा हटवाया गया।

आज लगेगा बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर

बुलन्दशहर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 1 नवंबर को सुबह 9 बजे आई0पी0 कॉलेज कैंपस-2, दिल्ली रोड पर मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से लोगों को विधिक सहायता एवं विभिन्न सेवाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कार्यक्रम आयोजित होगा।

तीन महीने से लापता 15 वर्षीय बालक को पुलिस ने सकुशल किया बरामद

टूंडला। थाना रजावली पुलिस ने तीन महीने से लापता चल रहे 15 वर्षीय बालक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। 26 जुलाई 2026 को बालक के लापता होने पर थाने में गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज किया गया था। क्षेत्राधिकारी टूंडला के निर्देशन में थानाध्यक्ष बृजकिशोर सिंह ने पुलिस टीम गठित कर तलाश शुरू कराई। शनिवार को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद बालक को सकुशल बरामद कर लिया।

सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि पर मंडलायुक्त चिंतित, ओवर स्पीड पर सख्ती के निर्देश

अलीगढ़ और हाथरस में बढ़े हादसे, एटा-कासगंज में आई कमी, स्कूल वाहन चालकों का होगा चरित्र सत्यापन

■ अलीगढ़

मंडलायुक्त की अध्यक्षता में शनिवार को मंडलायुक्त सभागार में मंडलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें मंडल के चारों जनपदों में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति, दुर्घटनाओं के कारणों, ब्लैक स्पॉट सुधार, यातायात नियमों के पालन और स्कूली वाहनों की सुरक्षा की समीक्षा की गई।बैठक में वर्ष 2025 की तुलना में वर्ष 2026 में अलीगढ़ और हाथरस में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ने पर मंडलायुक्त ने चिंता जताई।

इसके अलावा ओवरस्पीड, नशे में वाहन चलाने, मोबाइल फोन के प्रयोग और गलत दिशा में वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने तथा दुर्घटनाओं में शामिल चालकों के लाइसेंस निलंबित करने की कार्रवाई बढ़ाने को कहा गया।स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए चारों जनपदों के जिला विद्यालय निरीक्षकों को एक माह में स्कूल वाहन चालकों का विवरण और चरित्र सत्यापन पूरा कराने के निर्देश दिए गए।

इसकी जानकारी प्रत्येक छह माह में परिवहन और पुलिस विभाग को उपलब्ध करानी होगी।मंडलायुक्त ने राहवीर योजना और सड़क दुर्घटना पीड़ितों के निशुल्क उपचार योजना का प्रचार-प्रसार करने पर जोर दिया। अलीगढ़ में उपचार योजना के तहत लंबित 18 मामलों पर नाराजगी जताते हुए स्वास्थ्य विभाग को जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

साथ ही दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों में एंबुलेंस तैनात करने और उनके मानकों व स्वास्थ्य प्रमाणपत्रों की जांच सुनिश्चित करने को कहा।बैठक में पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम और एनएचएआई सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

इंडियन डेंटल एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर डॉ. कमलेन्द्र भारद्वाज का किया गया सम्मान



इंडियन डेंटल एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निर्वाचित डॉ. कमलेन्द्र भारद्वाज को सम्मानित करते शाखा के पदाधिकारी एवं चिकित्सक।

■ बुलन्दशहर।

इंडियन डेंटल एसोसिएशन की बुलंदशहर शाखा ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित डॉ. कमलेन्द्र भारद्वाज को सम्मानित किया। शाखा अध्यक्ष डॉ. डी.के. शर्मा, मानद सचिव डॉ. गीतांशु शर्मा और कोषाध्यक्ष डॉ. निधीश गुप्ता सहित चिकित्सकों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

डॉ. गीतांशु शर्मा ने इसे जनपद और दंत चिकित्सक समुदाय के लिए गौरव की बात बताया। डॉ. भारद्वाज ने कहा कि दंत चिकित्सकों की एकजुटता, उनके हितों की रक्षा और संगठन को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। कार्यक्रम में जनपद के दंत चिकित्सक उपस्थित रहे।

एएमयू छात्रसंघ चुनाव में शरजील इमाम के समर्थन पर विवाद, करणी सेना ने जताया विरोध



एएमयू छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नौमान अशरफका नामांकन निरस्त करने की मांग करते क्षत्रिय करणी सेना के युवा जिला अध्यक्ष सचिन राघव।

■ अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में छात्रसंघ चुनाव के दौरान शरजील इमाम के समर्थन को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में क्षत्रिय करणी सेना के युवा जिला अध्यक्ष सचिन राघव ने विरोध जताते हुए केंद्रीय गृहमंत्री को ज्ञापन भेजा है।कलेक्ट्रेट में एसीएम के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी नौमान अशरफका नामांकन निरस्त करने की मांग की गई। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि चुनावी सभा के दौरान नौमान अशरफ ने शरजील इमाम का समर्थन किया था। सचिन राघव ने इस कथित बयान पर आपत्ति जताते हुए मामले को गंभीर बताते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में विश्वविद्यालय में भविष्य में विवाद और अव्यवस्था की आशंका भी जताई गई है। करणी सेना ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

मंदिर-मस्जिद के निकट बिक रहा मीट, बंद कराने की मांग

खैर। पैंठ मैदान के निकट मंदिर व मस्जिद होने के बाद भी मीट की दुकान का संचालन किए जाने से मुस्लिम समाज के लोगों ने एतराज जताते हुए खैर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाही की मांग की है। मुस्लिम समाज के धार्मिक लोगों का आरोप है कि पैंठ मैदान के निकट बाबा बाली मस्जिद में मुस्लिम समाज के लोग नियिमित नमाज अदा करते है तो वहीं पैंठ मैदान के सामने ही सत्यनारायण मंदिर में प्रतिदिन महिला पुरूष पूजा अर्चना को आते है। ऐसी स्थित में धार्मिक लोगों को काफी असुबिधा का सामना करना पडता है। लोगों का आरोप है कि जिस भूमि पर मीट की दुकान संचालित होती है उक्त भूमि पर न्यायालय में मुकदमा भी विचाराधीन है। लोगों का कहना है कि विवादित भूमि पर दुकान का संचालन भविष्य में कानून व्यवस्था एंव सामाजिक सौहार्द के लिए समस्या उत्पन्न कर सकता है। लोगों ने खैर पुलिस व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से मामले में निरोधात्मक कार्रवाही की मांग की है। मामले में सीओ खैर अभिषेक पटेल ने बताया कि शिकायत पर मीट की दुकान बंद करा दी गई है। शान्ति व्यवस्था खराब करने वालों के खिलाफ बैधानिक कार्रवाही की जाएगी।

यूपी रोडवेज के चालक से मारपीट, मुकदमा दर्ज

खैर। खैर में पडाव मैदान के निकट यूपी रोडबेज की नोएडा डिपो के चालक से मारपीट किए जाने के मामले कें दो नामजद व दस अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया गया है। मथुरा जनपद के गांव कोलाहर निवासी मुकेश कुमार पुत्र गेंदाप्रसाद यूपी रोडबेज की नोएडा डिपो पर चालक हैं। 29 अक्टूबर को वह एटा से नोएडा जा रहे थे। खैर में पडौव मैदान के निकट नामजद व अज्ञात लोगों ने बस को रूकवाकर लोहे के पाइप से मारपीट की थी। यात्रियों द्वारा विरोध करने पर उनके साथ भी अभद्रता का व्यवहार करते हुए गाली गलौज की थी। चालक की तहरीर पर दीपक पुत्र चन्द्रमणि, गौरव व दस अज्ञात लोगों के खिलाफ कोतवाली खैर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। एसएचओ राजीव चौधरी ने कस्बा चौकी इंचार्ज को जांच कर व सीसीटीवी देखकर कार्रवाही के निर्देश दिए हैं। इंस्पेक्टर खैर राजीव चौधरी ने कस्बा चौकी इंचार्ज गौरव कुमार को जांच कर कार्रवाही के निर्देश दिए हैं।

सभासद से की गाली-गलौज व अभद्रता

खैर। नगर पालिका के सभासद ने खैर पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गाली गलौज व मारपीट करने वालों के खिलाफकार्रवाही हेतु तहरीर दी है। जैसी नगला निवासी जितेन्द्र कुमार पुत्र रामजीलाल नगर पालिका के सभासद है। उनका आरोप है कि बीते माह 18 सितम्बर को गांव के नामजद युवकों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी तथा विरोध करने पर मारपीट की घटना को भी अंजाम दिया था। पीडित सभासद ने अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए कोतवाली खैर में तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई है। मामले में ,खैर पुलिस ने जांच कर कार्रवाही का आश्वासन दिया है।

महिला के कपड़े फाड़े, चार नामजद

खैर। खैर- सोमना रोड स्थित एक गांव निवासी महिला के साथ घर में घुसकर मारपीट तथा विरोध करने पर कपडे फाड़ने के मामले में एक महिला सहित चार के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बरका चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी 26 अक्टूबर की सुबह अपने घर में काम कर रही थी। इसी बीच पूर्व प्लानिंग के तहत नामजद ने महिला को पकडकर नीचे गिरा लिया। महिला के शोर मचाने पर अन्य नामजद लाठी डंडा लेकर घर में घुस आए तथा मारपीट करते हुए महिला के कपडे फाड़ दिए। बचाने आए पति को भी मारपीट कर चोटिल कर दिया। चीख पुकार सुनकर अन्य लोंगों को आता हुआ देख नामजद जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीडिता की तहरीर पर केशव, हरीबाबू, दयाशंकर, व नीलम के खिलाफकोतवाली खैर में अभियोग दर्ज कराया गया है। एसएचओ राजीव चौधरी ने मामले की जांच दरोगा रामबरन सिंह को सोंपकर कार्रवाही के निर्देश दिए हैं।

युवती लापता, मुकदमा दर्ज

खैर। कोतवाली के हलका पला जरारा क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती बीती 29 अक्टूबर से लापता है। युवती के भाई ने कोतवाली खैर में अज्ञात के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 19 वर्षीय युवती बीती 29 अक्टूबर को बिना बताए कही चली गई थी। जानकारी करने पर पता चला कि वह कांटे की तरफसे अलीगढ की तरफको जाती हुई देखी गई है। युवती के भाई ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बहन को तलाश कराने की गुहार लगाई है। एसएचओ राजीव चौधरी ने मामले की जांच महिला दरोगा पिंकी को सोंपकर कार्रवाही के निर्देश दिए है।

रेलवे स्टेशन पर वर्दीधारी दो पुलिसकर्मियों के नशे में होने का मामला चर्चा में



नशे की हालत में पुलिसकर्मी।

अलीगढ़। रेलवे स्टेशन परिसर में दो पुलिसकर्मियों के तौर पर नशे की हालत में दिखाई देने का मामला चर्चा में है। बताया जा रहा है कि दोनों पुलिसकर्मी वर्दी में थे। उनकी स्थिति को लेकर लोगों ने सवाल उठाए हैं ।मामले में एक और सवाल बाइक को लेकर खड़ा हुआ है। आरोप है कि पुलिसकर्मियों की बाइक के आगे और पीछे कहीं भी नंबर प्लेट दिखाई नहीं दे रही थी। यदि ऐसा है तो यह यातायात नियमों के पालन और पुलिसकर्मियों की जिम्मेदारी पर सवाल खड़े करता है ।घटना को लेकर पुलिस विभाग की जवाबदेही और निष्पक्ष जांच की मांग उठ रही है। अब देखना होगा कि विभाग इस मामले का संज्ञान लेकर संबंधित पुलिसकर्मियों की पहचान, उनकी स्थिति और बिना नंबर प्लेट बाइक चलाने के आरोपों की जांच करता है या नहीं।

राशन उठान में देरी पर सवालों के घेरे में बजरंग कंस्ट्रक्शन फर्म

अलीगढ़। दीपावली से पहले पात्र राशन कार्ड धारकों को खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित कराने के शासन के निर्देशों के बावजूद राशन उठान की प्रक्रिया में देरी को लेकर सवाल उठने लगे हैं। बजरंग कंस्ट्रक्शन फर्म पर निर्धारित समय में गोदाम से राशन का उठान नहीं कर पाने का आरोप है। बताया जा रहा है कि अब तक गोदाम से अपेक्षित मात्रा में राशन का उठान नहीं हुआ है, जिससे उपभोक्ताओं तक समय पर खाद्यान्न पहुंचने को लेकर चिंता बनी हुई है। मामले में राशन उठान के लिए लगाए गए वाहनों को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि विभागीय अभिलेखों में जिन वाहनों का विवरण दर्ज है, उनके स्थान पर दूसरे वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। यदि ऐसा है तो वाहनों के सत्यापन और उनके संचालन की प्रक्रिया की जांच जरूरी है ।सबसे ज्यादा हैरानी की बात यह है कि राशन उठान में देरी और वाहनों के इस्तेमाल को लेकर उठ रहे सवाल संबंधित अधिकारियों को दिखाई क्यों नहीं दे रहे हैं? शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद यदि उठान की प्रक्रिया समय से पूरी नहीं हो पा रही है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी है? आखिर विभागीय निगरानी व्यवस्था क्या कर रही है और अब तक इस मामले में प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हुई?पूरे मामले में ठेकेदार फर्म के साथ संबंधित विभागीय अधिकारियों की भूमिका भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। जरूरी है कि गोदाम से राशन उठान की वास्तविक स्थिति, वाहनों के अभिलेख और मौके पर संचालित वाहनों का मिलान कराया जाए तथा देरी के कारणों की जांच कर जिम्मेदारी तय की जाए। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि शासन के निर्देशों के अनुरूप पात्र उपभोक्ताओं को समय पर राशन उपलब्ध कराया जाए।

भ्रष्टाचार और गबन के परिवाद में अदालत पहुंचे विधायक मनीष असीजा, 20 नवंबर को अगली सुनवाई

फिरोजाबाद। भ्रष्टाचार और गबन के आरोपों से जुड़े एक परिवाद के मामले में सदर विधायक मनीष असीजा शनिवार को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में उपस्थित हुए। इस मामले में शिवसेना के पंडित राजवी शर्मा की ओर से परिवाद दाखिल किया गया था। परिवाद में तत्कालीन नगर पालिका चेयरमैन मनीष असीजा सहित कुल 11 लोगों पर आरोप लगाए गए थे। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 नवंबर की तारीख निर्धारित की है। दरअसल, जिस समय यह मामला सामने आया था, उस समय मनीष असीजा फिरोजाबाद नगर पालिका के चेयरमैन थे। शिवसेना नेता पंडित राजवी शर्मा ने न्यायालय में परिवाद दाखिल कर भ्रष्टाचार और सरकारी धन के गबन से संबंधित आरोप लगाए थे। इसी परिवाद के आधार पर न्यायालय ने विधायक मनीष असीजा समेत 11 लोगों को तलब किया था। शनिवार को मामले के सिलसिले में विधायक मनीष असीजा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में उपस्थित हुए।

आईटीआई में सरदार वल्लभभाई पटेल की मनाई गई 151वीं जयंती

■ अलीगढ़



आईटीआई में सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती मनाते प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह व विद्यार्थी।

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अलीगढ़ में शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अप्रेंटिसशिप मेले का भी आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल कौशल विकास योजना के शुभारंभ का सजीव प्रसारण संस्थान के कर्मचारियों और प्रशिक्षार्थियों को दिखाया गया। जयंती पर प्रधानाचार्य विजय बहादुर सिंह ने सरदार पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संस्थान के अन्य कर्मचारियों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की।अप्रेंटिसशिप मेले में आठ कंपनियों ने प्रतिभाग किया। इसमें 80 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 30 प्रशिक्षार्थियों का विभिन्न व्यवसायों के लिए चयन किया गया। मेले में इंडियन डाई कास्टिंग, वेव डिस्टलरीज, पावना इंडस्ट्रीज और जाइडस इंडस्ट्रीज सहित अन्य कंपनियां शामिल रहीं।इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य मिथिलेश कुमार, कार्यदेशक हुकम सिंह, जितेंद्र कुमार, अजय, मधुबाला भास्कर, अनुदेशक जितेंद्र पाठक, रवीना रानी, मोहित शर्मा, अवतार सिंह, अरुण आजाद सहित संस्थान के कर्मचारी उपस्थित रहे।

लोहे के गार्डर चोरी, केस दर्ज

खैर। तेहरा गांव से लोहे के गार्डर चुराने के मामले में नामजद के खिलाफ कोतवाली खैर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। तेहरा निवासी अंकित कुमार पुत्र हीरालाल के अनुसार 28 अक्टूबर की सुबह नामजद घर की छत से लोहे के चार गार्डर चुरा कर ले गया था। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर की पहचान की थी। चोरी के संबंध मे नामजद से पूछा गया तो वह गाली गलौज करने लगा। पीडित तहरीर पर प्रवीन उर्फ बैनामी पुत्र रामप्रकाश्ज्ञ निवासी तेहरा के खिलाफ कोतवाली खैर में अभियोग दर्ज कराया गया है। इंस्पेक्टर खैर राजीव चौधरी ने दरोगा सोनू शर्मा को जांच कर कार्रवाही के निर्देश दिए है।

किसानों का कर्ज माफ, गन्ना सात सौ और गेहूं पांच हजार प्रति क्विंटल हो-ठा. धर्मेन्द्र सिंह

■ बुलन्दशहर



किसानों की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपते भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. धर्मेन्द्र सिंह।

भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. धर्मेन्द्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी बुलन्दशहर के माध्यम से भेजकर किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की है।

ज्ञापन में गन्ने का समर्थन मूल्य 700 रुपये प्रति क्विंटल और गेहूं का समर्थन मूल्य 5000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करने की मांग की गई है। इसके साथ ही किसानों का कर्ज माफ कर बैंकों के ब्याज से राहत देने की मांग भी उठाई गई है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा. धर्मेन्द्र सिंह ने कहा कि किसान महंगाई और प्राकृतिक आपदाओं के कारण आर्थिक परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार से किसानों के हित में तीनों मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है।

आरएमपीएसयू की बास्केटबॉल टीम ने जीत के साथ चौथे राउंड में बनाई जगह

■ पटियाला में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

■ अलीगढ़




जीतने के बाद राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय की पुरुष बास्केटबॉल टीम।

राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय (आरएमपीएसयू), अलीगढ़ की पुरुष बास्केटबॉल टीम ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में लगातार तीन मुकाबले जीतकर चौथे राउंड में प्रवेश कर लिया है। टीम ने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया।महाराजा भूपेंद्र सिंह पंजाब स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी, पटियाला में आयोजित प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में आरएमपीएसयू ने एसआरएम विश्वविद्यालय, हरियाणा को 48-32 अंकों से हराया। दूसरे मुकाबले में चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय को कड़े संघर्ष में 53-51 अंकों से पराजित किया। तीसरे मुकाबले में एचआरआईटी विश्वविद्यालय, गाजियाबाद को हराकर टीम ने चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की की।इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। कुलसचिव प्रबुद्ध सिंह एवं क्रीड़ा परिषद के उपाध्यक्ष प्रो. केडी वर्मा ने भी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और टीम प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं।विश्वविद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई कि टीम आगामी मुकाबलों में भी जीत का सिलसिला जारी रखेगी।

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर विशेष

प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में विकास पथ पर मध्यप्रदेश

भारत का हृदय कहा जाने वाला मध्यप्रदेश एक नवम्बर 1956 को अस्तित्व में आया। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण झीलों की नगरी भोपाल इसकी राजधानी बनी। विविधताओं से समृद्ध मध्यप्रदेश में प्रचुर वन संपदा, अथाह जलराशि से भरपूर नदियां, विपुल खनिज भंडार, खूबसूरत पर्यटन स्थल, धार्मिक-सांस्कृतिक केंद्र और समृद्ध पुरातात्विक धरोहरें विद्यमान हैं। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की तस्वीर और तकदीर बदलने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। डबल इंजन की सरकार प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध है।



सुरेश पचौरी

केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में अग्रणी मध्यप्रदेश


प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दिशा-निर्देशन में मध्यप्रदेश केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन और उनका लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने में लगातार अग्रणी बना हुआ है। जैविक खेती, मसाला उत्पादन, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम स्वनिधि योजना के क्रियान्वयन तथा दलहन उत्पादन में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृत 10 लाख आवासों में से नौ लाख का निर्माण पूरा हो चुका है। गेहूं उपार्जन, तिलहन उत्पादन और फूलों की खेती में प्रदेश दूसरे स्थान पर है। स्वच्छ सर्वेक्षण में मिले आठ राष्ट्रीय पुरस्कार स्वच्छता के प्रति नगरीय निकायों और नागरिकों के प्रयासों का प्रमाण हैं। वहीं, 35 वर्षों बाद प्रदेश का नक्सलमुक्त होना आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है।

निवेश के मामले में बड़ी उपलब्धि

मध्यप्रदेश में आयोजित इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से लगभग 34 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से 10 लाख करोड़ रुपये के निवेश धरातल पर उतर चुके हैं। यह उपलब्धि प्रदेश में निवेश की संभावनाओं, औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की दिशा में सरकार के प्रयासों को रेखांकित करती है।

गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के कल्याण को समर्पित सरकार

गरीब कल्याण: प्रदेश के 1.33 करोड़ गरीब परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जा चुका है। छह प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के माध्यम से 56 लाख से अधिक हितग्राहियों को प्रतिमाह



पेंशन दी जा रही है। संबल योजना से 1.84 करोड़ से अधिक भाई-बहन जुड़े हैं। स्वामित्व योजना के अंतर्गत ग्रामीणों को संपत्ति का मालिकाना हक दिलाने के लिए स्टाम्प ड्यूटी और पंजीयन निःशुल्क करने का निर्णय भी सराहनीय है।

युवा सशक्तिकरण: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2027 को युवा वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। पिछले पौने तीन वर्षों में 85 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। शिक्षा, कौशल, रोजगार, स्वरोजगार, स्टार्टअप, खेल और नेतृत्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए पहली बार खेलो एमपी यूथ गेम्स का आयोजन किया गया।

अन्नदाता किसान: कृषि क्षेत्र के लिए 1 लाख 15 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। समर्थन मूल्य पर 14 लाख से अधिक किसानों ने गेहूं का विक्रय किया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 11,608 करोड़ रुपये से अधिक स्वीकृत किए गए, जबकि आपदा प्रभावित किसानों को 2,106 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता दी गई। ई-पंजीयन व्यवस्था लागू करने वाला प्रदेश देश का पहला राज्य बना है। किसानों को पांच रुपये में बिजली का स्थायी कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है।

नारी शक्ति: विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक-2026 और नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में ऐतिहासिक संकल्प पारित किया गया है। लाड़ली लक्ष्मी योजना से 53 लाख 55 हजार से अधिक बेटियां लाभान्वित हो रही हैं। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 1.25 करोड़ से अधिक बहनों को प्रतिमाह 1,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। अब तक 63,248 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अंतरित की जा चुकी है। पांच लाख से अधिक स्वसहायता समूहों से जुड़ी 65 लाख महिलाएं आत्मनिर्भर बनी हैं और साढ़े 15 लाख लखपति दीदियां लाभान्वित हुई हैं। शासकीय नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया गया है।

विकास की उड़ान भरता मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश जिस गति से विकास पथ पर अग्रसर है, उससे प्रदेशवासियों में नई आशा और विश्वास का संचार हुआ है। सरकार की नीतियों, निर्णयों और योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह प्रदेश की सरकार की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का परिचायक है।मध्यप्रदेशवासियों के लिए यह गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का प्रदेश से आत्मीय लगाव है। उनके मध्यप्रदेश आगमन पर प्रदेश को अनेक सौगातें मिलती रही हैं। मध्यप्रदेश के 71वें स्थापना दिवस के सुअवसर पर प्रदेशवासियों की खुशहाली, सुख-समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक मंगलकामनाएं।

(लेखक भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं।)

भक्ति के स्वर पर प्रहार, समरसता का अमर बलिदान

अखंड भारत के सिंध प्रांत में पराधीनता की विकट-विषम परिस्थितियों में भी सनातन संस्कृति के अध्यात्म से सिंचित सिंधु लोकसंगीत, साहित्य एवं भक्ति भाव की कला के सृजन, प्रसार तथा संरक्षण के लिए समर्पित हुतात्मा संत कंवरराम के बलिदानी व्यक्तित्व एवं आस्थामय कृतित्व का पुण्य स्मरण आज भी प्रासंगिक है।



'सिंध के तानसेन' के रूप में विख्यात संत कंवरराम का संपूर्ण जीवन संगीतमय सत्संग एवं कीर्तन के माध्यम से सामाजिक सद्भावना की स्थापना के लिए समर्पित रहा। वे संत नामदेव, संत तुकाराम एवं संत सूरदास की भक्ति परंपरा के ध्वजवाहक के रूप में प्रतिष्ठित हुए। उनका जन्म 13 अप्रैल 1885 को सिंध प्रांत के सख्खर जिले के जरवार गाँव में पिता ताराचंद एवं माता तीरथ देवी के साधारण, श्रमसाधक और धर्मप्रेमी कृषक परिवार में हुआ। बाल्यकाल से ही परिवार के पालन-पोषण में सहयोग करने वाले कंवर को अध्यात्म से जुड़ने का सौभाग्य उस समय प्राप्त हुआ, जब वे एक दिन भगत सतरामदास की सत्संग सभा के बाहर अपने कोकिल कंठ से भजन गाते हुए उबले चने बेच रहे थे। उनके भक्तिभावमय स्वर से प्रभावित होकर भगतजी ने उनके सभी चने खरीद लिए और उन्हें सभा में अपने पास बुलाया। संस्कारवान कंवर ने मूल्य के बदले आध्यात्मिक आशीर्वाद माँगा। माता-पिता की अनुमति से भगतजी ने उन्हें आश्रम में साधक के रूप में स्वीकार कर भक्तिज्ञान एवं संगीत साधना की व्यवस्था की।



डॉ. सुखदेव माखीजा

शास्त्रीय संगीत की विशेष दीक्षा उन्होंने संत शादराम दरबार में सिंध के सूरदास स्वामी हसारामजी के शिष्य के रूप में प्राप्त की। राग सोरठ, सारंग, भैरवी और रामकली पर आधारित आलाप, भजन गायन तथा बाँसुरी वादन की साधना में वे निरंतर लीन रहते थे। शीघ्र ही वे भगवान राम, श्रीकृष्ण, भक्त ध्रुव, प्रह्लाद, गुरु नानकदेव, राजा हरिश्चंद्र, मीरा, सूरदास और कबीर की गाथाओं एवं उपदेशों के संदेशवाहक के रूप में प्रसिद्ध हो गए। 'लोरी' उनके गायन की विशिष्ट पहचान थी। कृष्ण, मोहन, गोपाल और माता यशोदा जैसे सनातन भावों से सजी उनकी लोरियों को दैवीय आशीर्वाद माना जाता था। सिंधी एवं पंजाबी समाज में शिशु जन्मोत्सव पर उनकी रचित कालजयी लोरी को श्रद्धापूर्वक गाना शुभ माना जाने लगा।

संत कंवरराम गृहस्थ संत थे। वे बेर, खजूर एवं फल बेचकर परिवार का निर्वाह करते थे, किंतु सत्संग-कीर्तन में भेंटस्वरूप प्राप्त धनराशि अपंगों, दृष्टिहीनों, कुष्ठपीड़ितों के उपचार तथा नारी कल्याण और वंचितों के उद्धार के लिए समर्पित कर देते थे। हिंदी, सिंधी, पंजाबी एवं सरायकी में रचित सनातनी भजनों के साथ वे सचल, सामी, शाह लतीफ, बुल्लेशाह और शेख फरीद जैसे सूफी संतों के संदेश भी अपने अनूठे आलाप से जन-जन तक पहुँचाते थे। उनकी प्रभात फेरियों में हिंदू, सिख, पारसी और मुस्लिम समाज के लोग सम्मिलित होते थे। मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण समाजसेवा और भक्ति के कारण वे सभी समुदायों के सर्वहारा वर्ग में लोकप्रिय हो गए। उनकी इस सर्वस्वीकार्यता से कुछ कट्टरपंथी तत्व ईर्ष्याग्रस्त हो उठे। उनका नाम बदनाम करने के उद्देश्य से विरोधियों ने बाल गोपाल की लोरी गाते समय उनकी गोद में एक मरणासन्न शिशु रख दिया। किंतु लोरी समाप्त होते ही शिशु के क्रंदन की आवाज गूँज उठी और संत कंवरराम की जयकार होने लगी। इस घटनाक्रम से उन्हें भविष्य में होने वाली अनहोनी का आभास हो गया। कुछ ही दिनों बाद एक सत्संग सभा में राग मारू में गाया गया उनका करुणामय वियोगी भजन जीवन का अंतिम स्वर सिद्ध हुआ। 1 नवंबर 1939 को सायंकालीन सत्संग के समापन के पश्चात लाड़काणा जिले के दादू नगर स्थित 'रुक' रेलवे स्टेशन पर वे एक साधारण रेल डिब्बे में प्रभु-ध्यान में लीन बैठे थे। तभी दो हमलावरों ने बंदूक की गोलियों से उन्हें आहत कर दिया। 'हरे राम' के अंतिम उद्गार के साथ त्याग और तपस्या की ज्वलंत मूर्ति संत कंवरराम का दिव्य जीवन सनातन समरसता की बलिवेदी पर बलिदान हो गया। उनके निधन से सिंध तथा समीपवर्ती प्रांतों के सर्वसमाज में शोक और आक्रोश छा गया। एक अंग्रेजी समाचारपत्र ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रश्न किया कि लोकगायक, संतहृदय और सूफी आस्था में समर्पित होकर दिव्य उद्देश्य की ओर अग्रसर एक साधारण मानव की हत्या क्यों की गई? संत कंवरराम का जीवन संदेश देता है कि संगीत, भक्ति और सेवा सामाजिक समरसता के सशक्त माध्यम हैं। उनका बलिदान आज भी मानवीय एकात्मता, धार्मिक सद्भाव और सांस्कृतिक चेतना के लिए प्रेरणास्रोत है।

(स्वतंत्र लेखक एवं समीक्षक, सदस्य, मध्य भारतीय हिंदी साहित्य सभा हैं)

गीता को जानें - 77

ज्ञान ही काम को भस्म कर सकता है

> भगवान् ने काम को ज्ञानियों का नित्य बैरी कहा है। काम, ज्ञान को ढंक देता है और ज्ञान, काम को नष्ट कर देता है। भगवान् शंकर पूर्ण ज्ञानी हैं, इसलिए वे काम को भस्म कर सके। जहाँ काम होगा वहाँ ज्ञान नहीं हो सकता और जहाँ ज्ञान होगा वहाँ काम का अस्तित्व नहीं रह सकता।



काम (कामना, इच्छा) का यथार्थ रूप तीन उदाहरणों के द्वारा बताते हुए भगवान् कहते हैं- ''जैसे धुँए से अग्नि ढकी रहती है, धूल से दर्पण ढका रहता है और जैसे झिल्ली से गर्भ घिरा रहता है, वैसे ही इस (काम) से यह (ज्ञान) ढका है (गीता 3.38)''। यह तीनों उदाहरण, कामना की तीन अवस्थाओं पर पूरी तरह लागू होते हैं।

कामना, सर्वप्रथम विचारों में पैदा होती है। यह कामना की प्रथम व 'सूक्ष्म अवस्था' है। इस अवस्था



■ ओमप्रकाश श्रीवास्तव

को अग्नि व धुँए के उदाहरण से समझा जा सकता है। धुँए से ढंकी होने पर अग्नि दिखती नहीं है परंतु अग्नि का पूर्ण अस्तित्व होता है, उसमें ताप होता है।इसी प्रकार इस प्रथम अवस्था में बुद्धि-विवेक ढक जाता है परंतु जाग्रत रहता है। थोड़ी सी हवा से धुँआ उड़ जाता है अग्नि प्रकट हो जाती है। इसी प्रकार इस अवस्था में थोड़ा सा भी प्रयास करें तो संभावना रहती है कि हम बुद्धि-विवेक का उपयोग कर विचार कर सकें कि कामना की पूर्ति करने का प्रयास करें या न करें ? इसका तरीका धर्म के अनुरूप है या नहीं ?

जब एक बार कामना की पूर्ति कर ली जाती है तो कामना पुष्ट हो जाती है। जिस प्रकार मैल से ढके दर्पण में प्रतिबिंब नहीं बनता। मैल को हटाना थोड़ा कठिन होता है। उसी प्रकार इस अवस्था में बुद्धि-विवेक रहता तो है, पर वह इतना कुंद व अप्रभावी हो जाता है कि हम कर्तव्य-अकर्तव्य, धर्म-अधर्म के बारे में विवेक सम्मत विचार नहीं कर पाते। यह कामना की दूसरी अवस्था है जिसे 'स्थूल अवस्था' कहते हैं।

मनुष्य का स्वभाव है कि जब इच्छा की पूर्ति हो जाती है और उससे सुख प्राप्त होता है, तो बार-बार उसी सुख को प्राप्त करने की चाह जाग जाती है। अर्थात् किसी कामना की पूर्ति होने से कामना मिटती नहीं है वरन् बार-बार उसे प्राप्त करने और भोगने की इच्छा होती है। जैसे-जैसे भोग की पुनरावृत्ति करते जाते हैं, बार-बार उसी भोग को करने की इच्छा और प्रबल होती जाती है। इसे कामना की तीसरी 'स्थूलतम अवस्था' कहते हैं। जैसे झिल्ली से ढके गर्भ में शिशु बिलकुल भी दिखाई नहीं देता उसी प्रकार इस अवस्था में ज्ञान और विवेक पूर्णतः लुप्त हो जाता है और व्यक्ति पूरी तरह से कामना का दास हो जाता है। वह कामना पूर्ति के लिए धर्म विरुद्ध, अनैतिक साधन जैसे छल, छद्म, झूठ, हिंसा, धोखाधड़ी आदि अपनाने के लिए तैयार हो जाता है।

कामना उत्पन्न होते समय कमजोर होती है पर जैसे-जैसे उसे संतृप्त करने का प्रयास किया जाता है, वह पुष्ट होती जाती है और ज्ञान-विवेक को अधिकाधिक दबाती जाती है। कामना के उत्पन्न होते ही उसे नियंत्रित किया जा सकता है। यह न सोचें कि हम कामना का चिंतन ही तो कर रहे हैं, क्या नुकसान है ? वास्तव में चिंतन ही कार्य में परिणित होकर, कब पतन तक ले जाएगा, यह पता ही नहीं चलता।

काम (कामना) के स्वरूप को हम अच्छी तरह हृदयंगम कर सकें, इसलिए भगवान् पुनः नए उदाहरणों के द्वारा समझाते हैं - 'इस (काम) के द्वारा ज्ञान ढका रहता है। यह ज्ञानी पुरुष का नित्य का बैरी है और कौन्तेय कभी तृप्त न होने वाली कामनाएँ ज्वाला हैं (गीता 3.39)'।

भारत की विश्व को सबसे बड़ी देन है - आत्मा की खोज । सभी प्राणियों में परमात्मा का दिव्य अंश विद्यमान है जो नित्य है, अविनाशी है। इसके विपरीत संसार अनित्य है, परिवर्तनशील है, नाशवान है । हम अपने स्वरूप को न पहचान कर संसार को ही सत्य समझते हैं। सभी सांसारिक भोगविलास एकत्र करते समय यह भूल जाते हैं कि यह समय के साथ नष्ट हो जाएँगे। सांसारिक वस्तुएँ, धन, पद, अधिकार और स्वजन न तो सदैव रह सकते हैं और न ही सदैव सुख दे सकते हैं। फिर भी हम चाहते हैं कि यह सदैव के लिए रहें और हमें सुख देते रहें। यही अज्ञान है। अज्ञान के कारण जीवन की वास्तविकता छिपी रहती है। अज्ञान (संसार को वास्तविक और स्थायी समझना) से काम या कामना (सांसारिक पदार्थ प्राप्ति की इच्छा) उत्पन्न होती है। ऐसी स्थिति में हम संसार के अलावा और कुछ विचार ही नहीं कर सकते। इस प्रकार कामना से ज्ञानस्वरूप परमात्मा का चिदान्स (जीवात्मा) आवृत्त हो जाता है, इसलिए हम अपने सच्चे स्वरूप को नहीं पहचान पाते।

हमारा स्वरूप नित्य व चेतन है। इसे पहचानना ही ज्ञान है। परन्तु हम उसे न पहचानकर संसार, जो कि नाशवान, अनित्य और परिवर्तनशील है, को स्थाई मान लेते हैं। हमें लगता है कि सांसारिक वस्तुओं की प्राप्ति व उनके भोग से सुख मिलेगा। यही अज्ञान है। इसी कारण संसार से कामनाएँ करने लगते हैं। अज्ञान से कामना उत्पन्न होती है और पतन की श्रृंखला प्रारंभ हो जाती है। अज्ञान बंधन में डालता है और ज्ञान ही मुक्ति का साधन है। इसलिए अज्ञानजनित कामना, परमार्थिक मार्ग की दुश्मन है। सांसारिक भोगपदार्थों की कामना का कोई भी स्वरूप ईश्वर की ओर नहीं ले जाता, वरन सदैव बाधा ही बनता है। इसलिए भगवान् ने काम को ज्ञानियों का नित्य बैरी कहा है। काम, ज्ञान को ढंक देता है और ज्ञान, काम को नष्ट कर देता है। भगवान् शंकर पूर्ण ज्ञानी हैं, इसलिए वे काम को भस्म कर सके। जहाँ काम होगा वहाँ ज्ञान नहीं हो सकता और जहाँ ज्ञान होगा वहाँ काम का अस्तित्व नहीं रह सकता।

जैसे बादल का एक छोटा टुकड़ा विशाल सूर्य को छिपा लेता है, वैसे ही ये अज्ञान जनित कामनाएँ ज्ञान और आत्मा को ढक लेती हैं। भौतिकवादी दर्शन में ऐंद्रिक लालसाओं और उनकी संतुष्टि से बढ़कर कुछ नहीं है। नई-नई वस्तुओं की लालसा, नए-नए उपकरण, नए-नए ऐशोआराम, बस । इनका कोई अंत नहीं है, केवल उलझाव है और अंत में दुःख ही प्राप्त होता है। जैसे अग्नि के लिए कुछ भी पर्याप्त नहीं है, उसमें जो भी डालेंगे, अग्नि भस्म करती जाएगी। संपूर्ण विश्व को भस्म करके भी वह तुष्ट नहीं हो सकती। इसी प्रकार काम के लिए भी इस सृष्टि में कुछ भी पर्याप्त नहीं है। वह सदैव अतृप्त ही रहेगा। काम की पूर्ति होती है तो यह और पुष्ट होकर सामने आता है।

मानव से नीचे की सभी योनियाँ, जैसे वनस्पति, जीव-जन्तु, पशु आदि प्रकृति से संचालित हैं। इनमें बुद्धि क्रमशः विकसित होती गई है। वनस्पति की तुलना में जीव-जन्तुओं में और जीव जन्तुओं की तुलना में पशुओं में बुद्धि ज्यादा विकसित है परंतु उनकी बुद्धि केवल भोजन, निद्रा, भय और मैथुन की आवश्यकता पूर्ति तक ही सीमित होती है। पशुओं के स्तर तक ऐंद्रिक तुष्टि ही सब कुछ है, उससे परे कुछ भी नहीं है। अनियंत्रित इच्छाओं से जीवन पशुवत् हो जाता है, नियंत्रित इच्छाएँ ही संस्कृति और सभ्यता की जननी हैं और आत्मकल्याण का मार्ग हैं। मानव को प्रकृति ने अधिक विकसित मस्तिष्क, बुद्धि और विवेक दिया है। इसलिए मानव जीवन, उच्चतर तुष्टि की खोज के लिए है। गीता बताती है कि ऐंद्रिक तुष्टि में ही मत उलझे रहो। इससे भी ऊपर स्तर है जहाँ नित्य तृप्ति है, उसे अनुभव करो । **(क्रमशः)**

(लेखक पूर्व आईएएस अधिकारी हैं)
संस्थापक - देह-विदेह आश्रम
नर्मदापुरम् (मप्र) मो. 9425042643

सम्प्रभुता, राष्ट्रीय सुरक्षा और नागरिक अधिकारों का टकराव

असम में ब्रह्मपुत्र नदी को जलान्तण करने (संगम बनाने) और अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने से पहले तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो के रूप में बहने वाली अरुणाचल प्रदेश में 'पवित्र मां' के नाम से पूज्य सियांग नदी, एक जटिल सामाजिक-भू-राजनीतिक संकट का केंद्र बन गई है। इस विवाद के केन्द्र में प्रस्तावित सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना (Siang Upper Multipurpose Plan or SUMP) है, जो राज्य द्वारा संचालित नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन (NHPC) द्वारा सियांग नदी पर नियोजित 11,200 मेगावाट की एक विशाल जलविद्युत और जल भंडारण योजना है।



मेजर सरस् त्रिपाठी

जहाँ नई दिल्ली इस बांध को हिमालय में चीनी जल-प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए एक रणनीतिक सुरक्षा दीवार के रूप में देखती है, वहीं स्थानीय स्वदेशी समुदाय इसे अपनी भूमि, संस्कृति और अस्तित्व के लिए एक गंभीर खतरा मानते हैं।

1. परियोजना की पृष्ठभूमि और राज्य की आकांक्षाएं

यद्यपि सियांग के प्रबन्धन के लिए प्रारम्भिक प्रस्ताव इंदिरा गांधी काल के 1982 के हैं, नीति आयोग की सिफारिशों और आधिकारिक तौर पर इसे एक ही मेगा-संरचना में समेकित करने के बाद परियोजना को नई गति मिली। सियांग बेल्ट के तीन जिलों–अपर सियांग, सियांग और ईस्ट सियांग–में निर्मित होने वाली यह परियोजना भारतीय उपमहाद्वीप में सबसे बड़ा जलविद्युत बांध बनने की दिशा में अग्रसर है। हालांकि चीन के जिस 'जल-बंम', मेडोक परियोजना, के प्रभाव को कम करने के लिए यह बनाया जा रहा है, वह इससे लगभग पांच गुना बड़ी है।

यह परियोजना अरुणाचल प्रदेश के उस नीतिगत ढांचे का मुख्य आधार है, जिसने 2025-2035 को 'जलविद्युत का दशक' घोषित किया है, जिसका उद्देश्य राज्य को पूर्वोत्तर भारत का ऊर्जा केंद्र बनाना है। विशाल मात्रा में स्वच्छ बिजली पैदा करने के अलावा, इस जलाशय को लगभग 9.2 बिलियन क्यूबिक मीटर (BCM) की लाइव जल भंडारण क्षमता के साथ डिजाइन किया गया है। यह विशाल भंडारण जल के प्रवाह को नियन्त्रित करने, मौसमी बाढ़ को कम करने और अन्तर्राष्ट्रीय कानून के तहत निचले प्रवाह वाले क्षेत्रों (downstream user rights) के अधिकारों को स्थापित करने के लिए बनाया गया है।

2. निरन्तर चीनी आक्रामकता के विरुद्ध एक रणनीतिक सुरक्षा दीवार

सियांग अपर बहुउद्देशीय परियोजना को प्रेरित करने वाली रणनीतिक आवश्यकता वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) के साथ भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से गहराई से जुड़ी हुई है। तिब्बत में उपरिधारा (upstream) क्षेत्र में, चीन ने यारलुंग त्सांगपो के 'ग्रेट बेंड' पर विशाल 60,000 मेगावाट की मेडोग जलविद्युत परियोजना का निर्माण शुरू किया है। इस विशाल चीनी विकास ने नई दिल्ली में जल के हथियार के रूप में उपयोग (water weaponization) और नदी के प्रवाह पर चीनी नियंत्रण को लेकर गंभीर राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को जन्म दिया है।

यह परियोजना तीन अलग-अलग रणनीतिक क्षमताओं में एक सुरक्षा ढाल के रूप में कार्य करती है:

'वॉटर बॉम्ब' (जल बम) के खतरे को कम करना: यदि चीन अचानक ऊपरी क्षेत्र से पानी की विशाल मात्रा छोड़ता है–चाहे जानबूझकर या भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्र में बांध टूटने के कारण, तो निचली सियांग घाटी और असम के मैदानों को विनाशकारी फ्लैश फ्लड (अचानक आने वाली बाढ़) का सामना करना पड़ सकता है। SUMP की 9.2 BCM भंडारण क्षमता अचानक आई बाढ़ के उफान को अवशोषित करने के लिए एक शॉक एब्जॉर्बर के रूप में काम करेगी।

कृत्रिम सूखा (Artificial Desiccation) को रोकना: इसके विपरीत, यदि बीजिंग शुष्क मौसम के दौरान पानी रोकता है या प्रवाह को दूसरी तरफ मोड़ता है, तो चीन निचले इलाकों में गंभीर सूखा उत्पन्न कर सकता है। SUMP द्वारा रखा गया विशाल भंडार अरुणाचल प्रदेश और असम में निचले समुदायों को निरंतर जल प्रवाह की गारंटी देता है।

पूर्व वैध उपयोगकर्ता अधिकार स्थापित करना: प्रथागत अन्तर्राष्ट्रीय जल कानून के तहत, जो देश लाभकारी उपयोग के लिए पहले बुनियादी ढांचे का निर्माण करता है, वह 'पूर्व विनियोग अधिकार' (Prior Appropriation Rights) प्राप्त कर लेता है। SUMP को पूरा करने से चीन द्वारा सीमा पार नदी के एकतरफा मोड़ के खिलाफ अन्तर्राष्ट्रीय कूटनीतिक मंचों पर भारत की कानूनी स्थिति मजबूत होती है।

3. स्वदेशी विरोध और स्थानीय संकट

इसके रणनीतिक महत्व के बावजूद, इस परियोजना को तीव्र घरेलू विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सियांग बेल्ट के साथ रहने वाले स्वदेशी समुदाय–मुख्य रूप से आदि और गालो आदिवासी समूह ने 'सियांग इंडिजिनस फार्मर्स फोरम' (SIFF), 'SUMP-अफेक्टेड यूथ एसोसिएशन', और 'आदि बाने केबांग' जैसे संगठनों के तहत व्यापक विरोध आयोजित किया है।

विरोध के मुख्य कारण:

विस्थापन और जलमग्नता: कार्यकर्ताओं का अनुमान है कि 280 मीटर ऊंचा यह विशाल बांध 27 गांवों को जलमग्न कर सकता है और 1,00,000 से 1,50,000 स्वदेशी निवासियों को विस्थापित कर सकता है, जिससे उपजाऊ कृषि भूमि (धान के खेत) और पैतृक होमलैंड नष्ट हो जाएंगे।

सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विलोपन: यह जलाशय केकर मोयिंग जैसे ऐतिहासिक स्थलों को खतरे में डालता है, जो एक प्राकृतिक चट्टानी दर्रा है जहाँ आदि समुदाय ने 19वीं सदी के अन्त और 20वीं सदी की शुरुआत में ब्रिटिश औपनिवेशिक विस्तार के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।

भूकंपीय खतरे: पूर्वी हिमालय दुनिया के सबसे संवेदनशील भूकंपीय क्षेत्रों में से एक है, जो 1950 के विनाशकारी असम-तिब्बत भूकंप के लिए जाना जाता है। पर्यावरणविदों का तर्क है कि सक्रिय फॉल्ट लाइनों पर अरबों टन पानी ले जाने वाला एक विशाल जलाशय बनाने से जलाशय-प्रेरित भूकंपीयता (Reservoir-Induced Seismicity) के गंभीर जोखिम पैदा होते हैं।

सहमति की कमी और बल प्रयोग: प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि वन अधिकार अधिनियम (2006) के तहत ग्राम सभा की सहमति हासिल किए बिना ही प्रारम्भिक चरण के सर्वेक्षण शुरू कर दिए गए थे। सर्वेक्षण स्थलों को सुरक्षित करने के लिए अर्धसैनिक बलों की तैनाती से तनाव बढ़ा, जिससे पासीघाट में विरोध प्रदर्शन और झड़पें हुईं, जिसमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों पर प्राण घातक हमला हुआ।

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने दोहराया है कि राज्य सरकार स्थानीय समुदाय की चिंताओं को नजरअन्दाज करके आगे नहीं बढ़ेगी, और उन्होंने व्यापक पुनर्वास योजनाओं व खुले संवाद का आश्वासन दिया है।

हालांकि राष्ट्रीय सम्प्रभुता और राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है, स्वदेशी विरोध को केवल रणनीतिक लक्ष्यों में बाधा के रूप में देखना उन सीमावर्ती आबादी को अलग-थलग करने का जोखिम उठाता है जो भारत की क्षेत्रीय रक्षा की पहली पंक्ति के रूप में कार्य करते हैं। इस संकट को हल करने के लिए, नई दिल्ली को स्वतंत्र, पूर्व और सूचित सहमति (Free, Prior Informed Choice या FPIC) ढांचे, पारदर्शी पर्यावरण और सामाजिक प्रभाव आकलन (EIA/SIA) को एकीकृत करना होगा और ऐसे लचीले भंडारण विकल्पों की खोज करनी होगी जो राष्ट्रीय सम्प्रभुता और स्वदेशी विरासत दोनों की रक्षा करते हों।

(लेखक संविधान और राष्ट्रीय सुरक्षा विषयों के विशेषज्ञ और पूर्व सैन्य अफसर हैं)

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक ''इंडिपेंडेंट भारत'' स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक जगदीश शर्मा, शर्मा प्रिन्टिग प्रेस रामपुर बगहा पो0 लक्ष्मीगंज जनपद कुशीनगर उ0 प्र0 274306 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
मोबाईल न0-90261 11001 संपादक जगदीश शर्मा प्रबंध संपादक मयंक कुमार सिंह Title code-UPHIN49987 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कुशीनगर होगा।

BollyWood



'ऑब्सेशन' में हिंदी डबिंग करके खुश कृति-वरुण

अभिनेता वरुण धवन और कृति सेनन हॉलीवुड की ब्लॉकबस्टर हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' के हिंदी वर्जन से जुड़े हैं। दोनों सितारे इसके हिंदी वर्जन में मुख्य किरदारों को अपनी आवाज देंगे।

क्या है इस फिल्म की कहानी?

यह फिल्म बेयर नाम के एक म्यूजिक स्टोर वर्कर की कहानी है, जिसे अपनी कलीग निक्की से प्यार हो जाता है। उसकी जिंदगी में एक बुरा मोड़ तब आता है, जब वह 'वन विश विलो' नाम के एक अजीब खिलौने का इस्तेमाल करके उसे अपने प्यार में डाल देता है। हालांकि, उसकी इस इच्छा से कुछ अनचाही और डरावनी घटनाएं होती हैं, क्योंकि निक्की उसके लिए और ज्यादा ऑब्सेस्ड हो जाती है।

कृति सेनन ने क्या कहा?

कृति सेनन ने पहली बार किसी दूसरे एक्टर की परफॉर्मेंस को अपनी आवाज दी है। हाल ही में उन्होंने इस हॉलीवुड फिल्म में काम करने के अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें कहानी पसंद आई और उन्हें यह रोल काफी उत्साहित करने वाला लगा, साथ ही चैलेंजिंग भी। जियोहॉटस्टार ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक प्रमोशनल वीडियो शेयर किया, जिसमें कृति और वरुण धवन ग्लोबल हॉरर हिट फिल्म के मशहूर कार सीन को मजेदार तरीके से रीक्रिएट करते हुए दिख रहे हैं।

कृति बोलीं- 'बहुत दिलचस्प रहा अनुभव'

कृति सेनन ने कहा है, 'मुझे फिल्म और 'ऑब्सेशन' में परफॉर्मेंस बहुत पसंद आई। यह बहुत ही दिलचस्प, अनोखी और ट्विस्टेड कहानी है। मैंने पहले कभी इतना एजी कैरेक्टर नहीं किया, जिससे यह अनुभव और भी उत्साहजनक व चुनौतीपूर्ण हो गया। यह पहली बार है, जब मैंने किसी दूसरे एक्टर की परफॉर्मेंस के लिए अपनी आवाज दी है। मुझे इससे ज्यादा एक्साइटिंग फिल्म नहीं मिल सकती थी। मुझे इसके लिए आवाज देने में बहुत मजा आया। मुझे खुशी है कि दर्शक हिंदी में फिल्म को एंजॉय करेंगें'।

वरुण धवन ने क्या कहा?

वरुण धवन ने भी बताया कि हिंदी वर्जन पर काम करने से उन्हें उन डिटेल्स पर ध्यान देने का मौका मिला, जो उन्होंने पहले फिल्म देखते समय मिस कर दी थीं। उन्होंने कहा कि डबिंग प्रोसेस ने उन्हें कहानी को समझने का एक अलग तरीका दिया। एक्टर ने कहा, 'ऑब्सेशन के हिंदी वर्जन पर काम करने से मुझे कहानी को बिल्कुल अलग नजरिए से देखने का मौका मिला। मुझे फिल्म में और भी मजा आया क्योंकि मैं इसे बहुत करीब से देख सका। मैं बहुत खुश और उत्साहित हूं कि दर्शक इसे हिंदी में देखेंगे और उन डिटेल्स को खुद खोज पाएंगे।

ओटीटी पर कब से होगी स्ट्रीम?

बता दें कि 'ऑब्सेशन' 29 मई, 2026 को भारतीय थिएटर्स में रिलीज हुई थी। यह



फिल्म हॉरर और रोमांच से भरपूर है। इसकी कहानी इस पर फोकस करती है कि जब प्यार एक अनहेल्दी ऑब्सेशन में बदल जाता है तो क्या होता है। अब 30 अक्तूबर को जियोहॉटस्टार पर पीकॉक हब पर यह फिल्म अंग्रेजी और हिंदी में स्ट्रीम होना शुरू हुई है।

इस बात पर आखिरी बार बेहद ट्रोल हुई थी कृति

कृति सेनन की हालिया चर्चा रक्षाबंधन विज्ञापन विवाद को लेकर है। अगस्त 2026 में GIVA के विज्ञापन में उनके पहनावे और कुत्ते को राखी बांधने पर आलोचना हुई। ब्रांड ने विज्ञापन हटा दिया। हाल ही में कृति ने बताया कि आलोचकों ने उनके परिवार को भी निशाना बनाया। उन्होंने महिलाओं के कपड़ों पर अनावश्यक टिप्पणी का विरोध किया। कृति की बेहतरीन फिल्मों में 'मिमी', 'हीरोपंती', 'बरेली की बर्फी' आदि शामिल हैं। उम्मीद है आने वाले समय में वह अपनी फिल्मों से इसी तरह एंटरटेन करती रहेंगी।



अपनी जिम्मेदारी खुद लेना जरूरीः सारा

अभिनेत्री सारा अली खान अपनी फिल्म 'उड़ता तीर' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपने पारिवारिक बैकग्राउंड को लेकर चल रही चर्चाओं पर बात की है। उन्होंने साफ किया कि उनके पिता और अभिनेता सैफ अली खान ने कभी भी उनके फिल्म कॉन्ट्रैक्ट्स पर बातचीत नहीं की। उन्होंने एक मशहूर फिल्मी परिवार से आने के दोहरे पहलुओं पर चर्चा की।

पिता ने नहीं की सिफारिश

बातचीत में सारा ने कहा, 'मैं अपनी सिंगल मदर के साथ रहती हूं। मेरे पिता कभी किसी ऑफिस में जाकर मेरे कॉन्ट्रैक्ट्स पर बातचीत नहीं करते थे और न ही उन्होंने कभी किसी से मुझे अपनी फिल्मों में साइन करने की गुजारिश की। जब मुझे 'केदारनाथ' के समय कोई परेशानी हुई, तो मैंने उसे खुद ही सुलझाया। उस वक्त मेरे साथ कोई नहीं था। यह एक दोधारी तलवार की तरह है क्योंकि इंडस्ट्री में मेरा कोई गॉडफादर नहीं रहा है।'

पारिवारिक पृष्ठभूमि का मिला फायदा

सारा ने माना कि अपने परिवार की वजह से उन्हें कुछ खास फायदे जरूर मिले हैं। उन्होंने कहा कि वह इतनी नासमझ या भ्रम में नहीं हैं कि उन मौकों को न देख सकें जो उनके पारिवारिक बैकग्राउंड की वजह से उन्हें शुरुआत में मिल गए थे। हालांकि, उनका यह भी मानना है कि लगातार होने वाली जांच-परख की वजह से उन पर उम्मीदों का बोझ डाल दिया जाता है।

नेपोटिज्म पर क्या बोलीं सारा?

सारा ने इस बात पर जोर दिया कि 'नेपोटिज्म' (भाई-भतीजावाद) शब्द को पूरी तरह से नकारात्मक बना दिया गया है। उन्होंने तर्क दिया कि यह उन स्टार किड्स जैसे कि खुद सारा, जाह्नवी कपूर और अनन्या पांडे की कड़ी मेहनत को कम करके आंकता है, जबकि अपने माता-पिता को चुनने में इन कलाकारों का कोई हाथ नहीं था।

> हिंदी सिनेमा में अपने आठ साल के सफर के बाद, उनका कहना है कि अब उन्हें बार-बार यह साबित करने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए कि वह इंडस्ट्री में अपनी जगह की हकदार हैं। सारा ने कहा कि भले ही शुरुआत में मिलने वाले फायदे से इन्कार नहीं किया जा सकता, लेकिन लंबे समय तक टिके रहने के लिए अपनी जिम्मेदारी खुद लेना और स्वतंत्र होना बहुत जरूरी है।

इंडस्ट्री में टिके रहने पर बोलीं सारा

सारा ने यह तो माना कि उन्हें और उनके साथियों को ऐसे शानदार डेब्यू मिले, जिनके लिए कई नए कलाकार तरसते हैं, लेकिन उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर खुद को साबित करने का बोझ हमेशा उन्हीं के कंधों पर क्यों रहता है? हिंदी सिनेमा में अपने आठ साल के सफर के बाद, उनका कहना है कि अब उन्हें बार-बार यह साबित करने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए कि वह इंडस्ट्री में अपनी जगह की हकदार हैं। सारा ने कहा कि भले ही शुरुआत में मिलने वाले फायदे से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन लंबे समय तक टिके रहने के लिए अपनी जिम्मेदारी खुद लेना और स्वतंत्र होना बहुत जरूरी है।

सारा अली खान का वर्कफ्रंट

सारा हाल ही में निर्देशक आकाश ए. कौशिक की फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आई। फिल्म में आयुष्मान खुराना, राहुल बोस, राम कपूर, गुलशन ग्रोवर, रघुबीर यादव, बृजेंद्र काला, संदीप आनंद और अन्य कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म कुछ ही दिनों में बॉक्स ऑफिस पर 26.87 करोड़ रुपये कमाए हैं।

'सतरंगा' में हो सकती हैं अनीत पड्डा



फिल्म 'सलाम वैंकी' (2022) से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस अनीत पड्डा पिछले साल अहान पांडे के अपोजिट फिल्म 'सैयारा' (2025) में नजर आईं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े रिकॉर्ड बनाए। खबर आ रही है कि 'सैयारा' (2025) के बाद एक्ट्रेस अनीत पड्डा और अहान पांडे एक बार फिर साथ स्क्रीन शेयर करने वाले है।

यशराज फिल्म्स के बैनर तले बनी फिल्म 'सैयारा' (2025) को डायरैक्ट करने वाले मोहित सूरी एक बार फिर इस जोड़ी पर अपना अगला दांव खेलने जा रहे हैं। खास बात है कि यशराज फिल्म्स द्वारा ही इस फिल्म को प्रोड्यूस किया जा रहा है।

यदि खबरों की मानें तो मोहित सूरी की इस फिल्म की शूटिंग इसी महीने शुरू हो सकती है। मेकर्स ने फिलहाल फिल्म की कहानी के बारे में रहस्योदघाटन नहीं किया है, लेकिन फिल्म का नाम 'सतरंगा' हो सकता है। 'सैयारा' (2025) की सफलता के बाद फिलहाल अनीत पड्डा मैडॉक फिल्म्स की आदित्य सरपोतदार द्वारा डायरैक्ट की गई मच अवेटेड अपकमिंग हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'शक्ति शालिनी' में बिजी हैं जो पोस्ट प्रोडक्शन फेस में है।

हाल ही में अनीत जियो हॉटस्टार पर ऑनस्ट्रीम हुई प्रियंका चोपड़ा जोनस द्वारा निर्मित करण डी कपाड़िया द्वारा डायरैक्ट की गई वेब सिरीज 'हुंकारः द रोर' (2026) में मीनू रावत के किरदार में नजर आईं। सीरीज में उनके काम को काफी पसंद किया जा रहा है।

ऐसा रहा रवीना का सफर

जब भी 90 के दशक की चर्चित हीरोइनों का नाम लिया जाता है, तो रवीना टंडन के बिना चर्चा अधूरी होती है। साल 1991 में सिनेमा की दुनिया में इन्होंने कदम रखा। पहली ही फिल्म इंडस्ट्री के दबंग सलमान खान के साथ मिल गई। इस नई अभिनेत्री के पास पिता से मिली कुछ सीख थीं और अदाकारी की प्रतिभा थी। पिता से मिले सबक और उसूल हमेशा साथ रखे। अभिनय समय के साथ निखरता गया। पढ़िए उनके बारे में कुछ रोचक बातें...

मॉडलिंग के ऑफर मिले तो छोड़ दी पढ़ाई

रवीना टंडन का जन्म मुंबई में हुआ। रवीना को फिल्मों और सिनेमा का लगाव अपने पिता से मिला। वह दिवंगत निर्देशक रवि टंडन की बेटी हैं। रवीना के पिता का नाम रवि टंडन और मां का नाम वीना है। दोनों के नाम को मिलाकर उनका नाम रवीना रखा गया। उनके घर का नाम मुनमुन है। अभिनेत्री ने अपनी शुरुआती शिक्षा जमुनाबाई पब्लिक स्कूल से ली। इसके बाद उन्होंने स्नातक करने के लिए मीठीबाई कॉलेज में दाखिला ले लिया। उन्होंने कॉलेज के दिनों से मॉडलिंग शुरू कर दी थी। उनकी सुंदरता की वजह से उन्हें पढ़ाई के दौरान ही बहुत से ऑफर मिलने लगे थे, जिसके बाद उन्होंने ग्रैजुएशन के दूसरे साल में ही पढ़ाई छोड़ दी थी।

सलमान खान की फिल्म से सिनेमा में बोहनी

रवीना टंडन ने साल 1991 में फिल्मों में कदम रखा। उनकी पहली फिल्म सलमान खान के साथ थी। इस फिल्म का नाम 'पत्थर के फूल' था। फिल्म में रवीना की एक्टिंग और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ हुई। उन्हें 'न्यू फेस ऑफ द ईयर' का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

रवीना टंडन ने 90 के दशक में 'अंदाज अपना अपना' से लेकर 'मोहरा', 'दुल्हे राजा' और 'शूल' जैसी फिल्मों में काम किया। फिल्म 'मोहरा' का आइकॉनिक गाना 'टिप टिप बरसा पानी' तो आज भी लोग यूट्यूब पर देखना पसंद करते हैं। इस गाने में रवीना ने अपने बोल्ड अंदजा से तहलका मचा दिया था।

पिता से मिली यह सीख हमेशा साथ रखी

रवीना टंडन के पिता रवि टंडन हिंदी सिनेमा के जाने-माने निर्माता-निर्देशक रहे, लेकिन रवीना टंडन ने यह कभी नहीं सोचा कि उनके पिता उन्हें फिल्मों में लॉन्च करेंगे। रवीना टंडन कहती हैं, 'पापा ने हमेशा मुझे आत्मनिर्भर रहना सिखाया। वह आगरा से बिना कुछ लिए आए और अपने दम पर मुंबई सब कुछ बनाया। मैंने भी सोचा कि अपने दम पर फिल्में हासिल करना है। पापा से हमेशा अपने पैरों पर खुद खड़े होने की प्रेरणा मिली।'

एक इंटरव्यू में रवीना ने बताया, 'चाहे मेरी निजी जिंदगी में या करियर का सबसे बुरा दौर



चल रहा हो। मैंने पापा से सीखा है कि ईमानदारी, विनम्रता, धैर्य और आत्मबल से बड़ी से बड़ी परेशानी का मुकाबला किया जा सकता है। मुझे याद है एक बार पापा मेरी फिल्म के सेट पर आए और एक बात कही। उन्होंने कहा कि एक बच्चा जब चलना सीखता है तो बहुत बार गिरता है, लेकिन वह पसर कर बैठ नहीं जाता बल्कि वह उठता है, अपने आप को समेटता है और छोटे-छोटे कदम तब तक लेता है जब वह ठीक से चलना नहीं सीख लेता। जिंदगी में वैसे ही हमें अपने आप को समेट कर चलना सीखना होगा।' बता दें कि रवि टंडन 11 फरवरी 2022 को इस दुनिया से चले गए।

ऋषि कपूर पर था रवीना को क्रश?

रैविशिंग रवीना के अफेयर की चर्चा भले ही खिलाड़ी कुमार से रही हो, लेकिन उन्हें ऋषि कपूर पर क्रश था। 'बॉम्बे वेलवेट' के प्रमोशन के दौरान रवीना ने यह जिक्र किया था। इस फिल्म में ऋषि के बेटे रणबीर कपूर के साथ रवीना ने काम किया है। रवीना के मुताबिक रणबीर को देखते ही उन्हें ऋषि की याद आ जाती थी।

साउथ सिनेमा में भी किया काम, टेलीविजन पर भी छाई

बॉलीवुड ही नहीं टॉलीवुड में भी काम किया। उन्होंने साउथ के स्टार नागार्जुन के साथ 'अग्निसाक्षी' फिल्म की। इसके अलावा भी रवीना ने कई और तेलुगू फिल्मों में काम किया।

साल 2012 में रवीना का एक और रोल देखने को मिला, जब वह टीवी शो होस्ट करती नजर आईं। उन्होंने एक निजी चैनल के लिए 'इसी का नाम जिंदगी' है शो होस्ट किया। शो में वह सेलेब्स की जिंदगी पर रोशनी डालती थीं।

ओटीटी पर भी चलाया जादू

रवीना टंडन को 'अरण्यक' और 'कर्मा कॉलिंग' जैसी सीरीज में भी देखा जा चुका है। 'अरण्यक' रवीना की नेटफ्लिक्स पर आई पहली वेब सीरीज थी।

फिर वह 'पटना शुक्ला' में नजर आईं। यह भी ओटीटी पर रिलीज हुई थी। इसके बाद कर्मा कॉलिंग वेब सीरीज जियो हॉटस्टार पर रिलीज हुई। साल 2024 में रवीना ओटीटी फिल्म 'घुड़चढ़ी' में संजय दत्त के साथ नजर आईं।

'शोले' के 'सांभा' से रवीना का क्या रिश्ता?

फिल्म 'शोले' में सांबा का रोल मैकमोहन ने किया, जिनका असली नाम मोहन माखिजानी था। 'शोले' में उनके बोले गए तीन शब्द 'पूरे पचास हजार' खूब लोकप्रिय हुए। क्या आपको पता है कि रवीना टंडन के साथ उनका करीबी रिश्ता था। बहुत कम लोग जानते होंगे कि मैकमोहन अभिनेत्री रवीना टंडन के मामा थे।

कैसे बनीं 'मस्त मस्त गर्ल'?

रवीना टंडन को 'मस्त मस्त गर्ल' का टैग भी इंडस्ट्री में मिला। इसके पीछे उनकी चर्चित फिल्म 'मोहरा' का हाथ है। दरअसल, 'मोहरा' का गाना 'तू चीज बड़ी है मस्त मस्त' खूब हिट हुआ। इसी गाने की वजह से रवीना को 'मस्त मस्त गर्ल' कहा जाने लगा।

रवीना टंडन की पर्सनल लाइफ

रवीना टंडन की निजी जिंदगी की बात करें तो 90 के दशक में उनका नाम कई सितारों के साथ जुड़ा। कई रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि अक्षय कुमार के साथ उन्होंने मंदिर में सगाई तक कर ली थी, लेकिन उनका यह रिश्ता ज्यादा दिनों तक नहीं चल सका था। रवीना ने शादी से पहले दो बच्चों छाया और पूजा को गोद लिया था। अब उनकी दोनों ही बेटियों की शादी हो चुकी हैं और उनके बच्चे भी हैं। इस हिसाब से वह अब नानी बन चुकी हैं। साल 2004 में रवीना ने अनिल थडानी नाम के डिस्ट्रीब्यूटर से शादी की थी। उनके दो बच्चे भी हैं- जिनके नाम रणबीर और राशा हैं। रवीना की बेटी राशा थडानी भी बॉलीवुड में डेब्यू कर चुकी हैं।

> "पापा ने हमेशा मुझे आत्मनिर्भर रहना सिखाया। वह आगरा से बिना कुछ लिए आए और अपने दम पर मुंबई सब कुछ बनाया। मैंने भी सोचा कि अपने दम पर फिल्में हासिल करना है। पापा से हमेशा अपने पैरों पर खुद खड़े होने की प्रेरणा मिली।"



संक्षिप्त समाचार

कपास के आयात पर सीमा शुल्क में छूट 31 दिसंबर तक बढ़ी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने घरेलू वस्त्र उद्योग में कच्चे माल संबंधी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कपास के आयात पर सीमा शुल्क की वर्तमान छूट को इस साल 31 दिसंबर तक बढ़ा दिया है। यह छूट शनिवार को समाप्त हो रही थी। वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग ने जारी अधिसूचना संख्या 35/2026-सीमा शुल्क के माध्यम से इस विस्तार की घोषणा की। इस संशोधन के माध्यम से 31 अक्टूबर 2026 तक उपलब्ध मौजूदा छूट को दो महीने के लिए बढ़ाकर 31 दिसंबर 2026 तक कर दिया गया है। कपड़ा मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस निर्णय का उद्देश्य घरेलू वस्त्र उद्योग के लिए कपास की उपलब्धता बढ़ाना, कपास की विशेष आवश्यकताओं को पूरा करना और वस्त्र एवं परिधान मूल्य श्रृंखला में मूल्यवर्धन को बढ़ावा देना है।

गुवाहाटी हवाई अड्डे को अगरवुड चिप, तेल के निर्यात केंद्र के रूप में मान्यता

नई दिल्ली। केंद्र ने असम सरकार के अनुरोध पर गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को अगर की लकड़ी की चिप्पियों और अगर के तेल के एक निर्यात केंद्र के रूप में मान्यता दी है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने इस निर्णय के लिए राज्य सरकार को बधाई देते हुए कहा है कि यह निर्णय अगर के किसानों, प्रसंस्करणकर्ताओं तथा निर्यातकों को एक बड़ी राहत पहुंचाने वाला निर्णय है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, ' असम के लिए खुशखबरी! मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के अनुरोध पर, मोदी सरकार ने गुवाहाटी के लोकप्रिय गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को अगरवुड चिप्स और अगरवुड तेल के निर्यात केंद्र (एक्सपोर्ट पॉइंट) के रूप में मंजूरी दे दी है।' श्री गोयल ने कहा है कि यह निर्णय इस खास उत्पाद से जुड़े किसानों, उत्पादकों और निर्यातकों के लिए एक बड़ी राहत पहुंचाने वाला कदम है। असम अगर की लकड़ी और तेल का एक प्रमुख उत्पादक है।

एनटीपीसी को दूसरी तिमाही में 5,320 करोड़ का हुआ मुनाफा

नई दिल्ली। ऊर्जा क्षेत्र की सार्वजनिक कंपनी एनटीपीसी को चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2026) के दौरान एकल आधार पर 5,320 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 4,653 करोड़ रुपये की तुलना में 14.33 फीसदी अधिक है। कंपनी के निदेशकमंडल की बैठक के बाद शनिवार को तिमाही परिणामों को मंजूरी प्रदान की गई। इसमें बताया गया है कि दूसरी तिमाही में एकल राजस्व भी 39,167 करोड़ रुपये से बढ़कर 45,752 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह 16.81 प्रतिशत की वृद्धि है। समेकित आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ 5,225 करोड़ रुपये से बढ़कर 7,351 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। निदेशकमंडल ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रति शेयर तीन रुपये के अंतरिम लाभांश की भी घोषणा की है।

दीपावली से पहले सोना-चांदी की कीमतों बड़ी गिरावट

सोना 1.42 लाख और चांदी 1.85 लाख रुपए पर आई

■ नई दिल्ली

धन तेरस और दीपावली त्योहारों से पहले सोना-चांदी खरीदने वालों के लिए बाजार से बड़ी खबर है। कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावट का सिलसिला जारी है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेज बिकवाली का असर घरेलू बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। चांदी की कीमत करीब 11 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई है, वहीं सोने के भाव में भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। 31 अक्टूबर को बुलियन्स कीमत के मुताबिक, 24 कैरेट सोना करीब 1.42 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी करीब 1.85 लाख रुपए प्रति किलो के स्तर पर आ गई है। वैसे, अलग-अलग बाजारों और ज्वेलर्स के यहां रेट में अंतर हो सकता है।



उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमत 8,300 रुपए गिरकर 1,90,200 रुपए प्रति किलो पर आ गई थी।

इससे पहले कारोबारी सत्र में चांदी 1,98,500 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई थी। वहीं, सोना 1,300 रुपए टूटकर 1,45,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा। इससे एक दिन पूर्व इसका भाव 1,46,500 रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं कीमती धातुओं की कीमतों पर अंतरराष्ट्रीय बाजार की हलचल का सीधा असर पड़ता है। हालिया गिरावट के पीछे कच्चे तेल की ऊंची कीमतें, महंगाई की चिंता और अमेरिका में ब्याज दरों को लेकर सख्त रुख की आशंका जैसे कारण बताए जा रहे हैं।

विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर माह में की भारी बिकवाली

22,012 करोड़ रुपए के शेयर बेचे 12,902 करोड़ का आया निवेश

■ मुंबई

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर में पिछले 15 महीनों में सबसे ज्यादा रकम भारतीय प्राथमिक बाजारों में लगाई। इस कारण शेयर बाजार में उनकी लगातार बिकवाली के असर को कुछ हद तक कम करने में मदद मिली। विदेशी निवेशकों ने अक्टूबर में 22,012 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि प्राथमिक बाजार के जरिये उनका 12,902 करोड़ रुपये का निवेश आया, जिससे इस साल उनकी कुल शुद्ध बिकवाली 2.87 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई। इससे उतार-चढ़ाव भरे साल में भारतीय शेयरों पर लगातार दबाव जाहिर होता है।

इस महीने की शुरुआत में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत से विदेशी निवेशकों के बाहर निकलने का कारण नकदी की आसान उपलब्धता को बताया था। नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और स्टॉक एक्सचेंजों के आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में एफपीआई ने शेयर बाजार में 22,012 करोड़ रुपये के शेयर बेचे जबकि प्राथमिक बाजार के जरिये उनका 12,902 करोड़ रुपये का निवेश आया। यह जुलाई 2025 के बाद से उनकी सबसे अधिक आवक है। इस बीच, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने महीने के दौरान 62,220 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। अक्टूबर में बेंचमार्क निफ्टी 50 और सेंसेक्स क्रमशः 1.9 फीसदी और 2.7 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। सेकंडरी बाजार में लगातार बिकवाली के बावजूद प्राथमिक बाजार में गतिविधियां काफी मजबूत रहीं। विश्लेषकों के अनुसार अक्टूबर में मुख्य प्लेटफॉर्म पर 13 आरंभिक सार्वजनिक निर्गम आए। इनमें जियो प्लेटफॉर्म्स का आईपीओ भी था, जिसने 30,187.65 करोड़ रुपये जुटाए और प्राथमिक बाजार में पूंजी की आवक बढ़ाने में योगदान दिया। इसके अलावा, भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने और कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर होने के बीच एफपीआई लगातार दूसरे महीने फुली एक्सेसिबल रूट (एफएआर) के तहत सरकारी प्रतिभूतियों के भी शुद्ध बिकवाल बन गए हैं।



निफ्टी 1.9 प्रतिशत चढ़ा, ज्यादातर शेयरों में गिरावट

अक्टूबर माहीने में आईटी कंपनियों के मजबूत नतीजों ने निफ्टी को 1.9 फीसदी ऊपर पहुंचा दिया। यह तब हुआ जब पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण ब्रेंट क्रूड की कीमत लगभग 10 फीसदी बढ़कर करीब 113 डॉलर प्रति बैरल पर जा पहुंची और भारतीय रिजर्व बैंक ने 2023 के बाद पहली बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की। इसके अलावा, जियो प्लेटफॉर्म्स की लिस्टिंग ने भी बाजार की चाल को तेज किया। 13 लाख करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण के साथ यह दूसरी सबसे मूल्यवान कंपनी बन गई और सूचीबद्धता पर इसने 27 फीसदी का शानदार मुनाफा दिया।एनएसई के निफ्टी 50 इंडेक्स में 0.5 फीसदी की बढ़त हुई जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 2 फीसदी गिर गया। अक्टूबर में निफ्टी 2 फीसदी चढ़ा, जिससे यह एशिया के सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रमुख बेंचमार्क में से एक बन गया।

कोयला मंत्रालय का बड़ा फैसला

आंशिक रूप से खोजे गए ब्लॉकों में भूमिगत खनन पर अग्रिम भुगतान से छूट

■ नई दिल्ली

देश में भूमिगत खनन को बढ़ावा देने के अहम कदम के तहत कोयला मंत्रालय ने आंशिक रूप से खोजे गए कोयला ब्लॉक के लिए भी अग्रिम भुगतान से छूट का लाभ दे दिया है। अभी जो कंपनियां आंशिक रूप से खोजे गए ब्लॉक में भूमिगत खनन करती हैं, उन्हें वहां मौजूद अनुमानित भूवैज्ञानिक भंडार के मूल्य का 0.2 प्रतिशत हिस्सा अग्रिम भुगतान के रूप में देना पड़ता है।



कोयला खदान (विशेष वधान) अधिनियम और एमएमडीआरअधिनियम के तहत कोयले की बिक्री के लिए कोयला ब्लॉक की नीलामी की मौजूदा प्रक्रिया में राजस्व हिस्सेदारी की न्यूनतम सीमा 4 प्रतिशत तय की गई है। इसके अलावा ब्लॉक पाने वाली कंपनी को 2 प्रतिशत की अग्रिम राशि जमा करनी होती है। हालांकि भूमिगत खनन के लिए वर्गीकृत कोयला खदानों के मामले में राजस्व हिस्सेदारी की न्यूनतम सीमा 2 प्रतिशत रखी गई है और साथ ही अग्रिम भुगतान से पूरी तरह छूट दी गई है।आंशिक रूप से खोजी गई कोयला खदानों के मामले में चूंकि पहले से यह तय नहीं किया जा सकता कि खदान भूमिगत खनन, ओपनकास्ट खनन या मिश्रित खनन के लिए उपयुक्त है या नहीं, इसलिए ऐसी खदानों को 4 प्रतिशत राजस्व हिस्सेदारी के न्यूनतम मूल्य पर नीलामी के लिए रखा जाता है। इसलिए जिन मामलों में सफल बोलीदाता ऐसी कोयला खदानों में खोज के बाद भूमिगत खनन करता है, वहां मौजूदा प्रावधानों के तहत अग्रिम राशि का भुगतान करना होता है।

मंत्रालय ने माना है कि ओपन कास्ट खनन की तुलना में भूमिगत खनन में शुरुआती निवेश अधिक लगता है, इसकी विकास अव?धि लंबी होती है और उत्पादन लागत भी अधिक आती है। हालांकि भूमिगत खनन के पर्यावरणीय लाभ इन वित्तीय पहलुओं पर भारी पड़ते हैं, जिससे यह खनन का एक बेहतर तरीका बन जाता है।

एआई बदलेगा भारत की अर्थव्यवस्था

स्टार्टअप्स, रिसर्चर्स और कंपनियों को मिलेगा सरकारी डेटा

■ नई दिल्ली

सरकार आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) प्रशिक्षण से संबंधित एक राष्ट्रीय ढांचे का प्रस्ताव देने वाली है। इस ढांचे के तहत स्टार्टअप इकाइयां, शोधकर्ता (रिसर्चर्स) और कंपनियां अस्पतालों, बैंकों और सरकारी एजेंसियों में एकत्र जानकारियों (डेटा) का इस्तेमाल एआई मॉडल के प्रशिक्षण में कर पाएंगे। एआई प्रशिक्षण के लिए डेटा सशक्तीकरण एवं संरक्षण संरचना (डीईपीए) नाम से इस प्रस्ताव के मसौदा ढांचे में कहा गया है कि 'इसमें वर्ष 2030 तक भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एआई की मदद से 500 अरब डॉलर का इजाफा हो सकता है'। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस ढांचे का प्रस्ताव दिया है। इस योजना के तहत एआई मॉडल का प्रशिक्षण सुरक्षित डेटा माहौल, गोपनीयता बनाए रखने की तकनीक और मशीन द्वारा पढ़े जा सकने वाले इलेक्ट्रॉनिक अनुबंधों के जरिये होगा। इससे डेटा उपलब्ध कराने वालों के मूल आंकड़े डेवलपर के हाथों में नहीं जाएंगे।



बेंगलूरु में आयोजित एक गोलमेज सम्मेलन में मंत्रालय के सचिव एस कृष्णन ने 'एआई प्रशिक्षण के लिए डीईपीए' छोटी पुस्तिका जारी की। इस कार्यक्रम में प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार प्रोफेसर अजय कुमार सूद, इन्फोसिस के सह-संस्थापक क्रिस गोपालकृष्णन, एचडीएफसी बैंक के अंजनी राठौर, आईस्पिरिट फाउंडेशन के सह-संस्थापक शरद शर्मा, इमर्जेंट एआई के कार्यकारी चेयरमैन मानव गर्ग और सर्वम के अश्वनी शर्मा शामिल थे।'डीईपीए ट्रेनिंग' नाम के इस ढांचे को इस पुस्तिका में भारत के 'एआई के लिए डिजिटल सार्वजनिक ढांचे' के रूप में बताया गया है। यह रिपोर्ट आईस्पिरिट फाउंडेशन के साथ मिलकर तैयार की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इसमें चेतावनी दी गई है कि ऐसे ढांचे के बिना भारतीय स्टार्टअप इकाइयां और शोधकर्ताओं के लिए नवाचार की राह रुक जाएगी।



मारुति सुजुकी के डिजायर की बिक्री 35 लाख के पार

नई दिल्ली। मारुति सुजुकी इंडिया की सेडान कार डिजायर की बिक्री 35 लाख इकाई के पार पहुंच गई है। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी ने शनिवार को बताया कि उसके मानेसर प्लांट में बनने वाली डिजायर ने लगभग 18 साल और नौ महीने में यह मुकाम हासिल किया है। इससे पहले ऑल्टो, स्विफ्ट और वैगनआर भी 35 लाख की बिक्री का आंकड़ा पार कर चुके हैं। डिजायर 5-स्टार 'भारत एससीएपी' रेटिंग पाने वाली पहली सेडान है। यह भारतीय बाजार में सबसे ज्यादा बिकने वाला यात्री वाहन होने के साथ पिछले वित्त वर्ष में निर्यात के मामले में शीर्ष पांच मॉडलों में भी शामिल रही है।

दिल्ली थोक जिंस बाजार : अधिकांश जिंसों की कीमतों में तेजी

शकर, चावल के दाम बढ़े, तुअर दाल महंगी, सरसों तेल सस्ता

■ नई दिल्ली

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को शकर की कीमतों में तेजी जारी रही। शकर के साथ चावल के दाम भी बढ़ गए। गेहूं में टिकाव देख गया जबकि अधिकतर दालों और खाद्य तेलों में नरमी का रुख रहा। मीठे के थोक बाजार में चीनी की औसत कीमत 10 रुपये बढ़कर 5,506 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गयी। वहीं, गुड़ 28 रुपये सस्ता हुआ और 5,967 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। खुदरा बाजार में चीनी की औसत कीमत दो पैसे बढ़कर 58.18 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 28 रुपये बढ़कर 4,377 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 2,939 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग अपरिवर्तित रहा। आटे का भाव भी 19 रुपये बढ़ गया। दाल-दलहनों में मसूर दाल की औसत कीमत 65 रुपये और उड़द दाल की 28 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। चना दाल चार रुपये और मूंग दाल तीन रुपये सस्ती हुई।



तुअर दाल की कीमत 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सरसों तेल की औसत कीमत 72 रुपये और वनस्पति की 71 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। सोया तेल 38 रुपये और सरसों तेल 27 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल 24 रुपये फिसल गया। वहीं, सूरजमुखी तेल में छह रुपये की गिरावट रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे।

- **दाल-दलहन :** दाल चना 8,648.43 रुपये, मसूर काली 8213.55 रुपये, मूंग दाल 10551.99 रुपये, उड़द दाल 11711.48 रुपये, तुअर दाल 12519.36 रुपये प्रति क्विंटल रही।
- **अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2939.42 रुपये और चावल 4377.36 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3394.98 रुपये प्रति क्विंटल रहा।
- **चीनी-गुड़ :** चीनी एस 5506.20 रुपये और गुड़ 5966.76 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।
- **खाद्य तेल :** सरसों तेल 19805.94 रुपये, मूंगफली तेल 19943.71 रुपये, सूरजमुखी तेल 18267.27 रुपये, सोया तेल 15840.84 रुपये, पाम ऑयल 14515.16 रुपये और वनस्पति 15914.25 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

भारत में औद्योगिक निर्माण को मिलेगा बढ़ावा

एलेमैंटिक ग्रुप और वाकियो जिंदल बिल्ड ने की रणनीतिक साझेदारी

■ नई दिल्ली

प्रीकास्ट कंक्रीट निर्माण प्रौद्योगिकी समाधानों का व्यवसाय करने वाली विश्व की अग्रणी कंपनी एलेमैंटिक ग्रुप और वाकियो जिंदल बिल्ड ने भारत में औद्योगिक निर्माण को अपनाने की प्रक्रिया को तेज करने के लिए एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इन कंपनियों ने कहा है कि यह सहयोग आवास, बुनियादी ढांचे और शहरी विकास की बढ़ती मांग को पूरा करने में मदद करेगा। इसके लिए तेज गतिवाली, अधिक उत्पादक और बड़े पैमाने पर लागू होने योग्य निर्माण विधियों का उपयोग किया जाएगा। विज्ञप्ति में कहा गया है कि देश में निर्माण क्षेत्र में बढ़ती लागत, कुशल श्रमिकों की कमी, परियोजनाओं में देरी और गुणवत्ता संबंधी जोखिमों जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

कारखाने पर आधारित निर्माण समाधानों में डिजाइन, फैक्ट्री-आधारित उत्पादन, ऑटोमेशन और साइट पर अधिक व्यवस्थित असेंबली पर आधारित है। इस साझेदारी में एलेमैंटिक की प्रीकास्ट तकनीक,



ऑटोमेशन और औद्योगिक उत्पादन में विशेषज्ञता और वाकियो जिंदल बिल्ड की प्रीकास्ट और प्रीफैब्रिकेशन के लिए डिजाइन करने की क्षमता और बाथरूम पॉड्स जैसे प्रीफैब्रिकेटेड निर्माण उत्पादों में उनकी दक्षता का लाभ मिलने की उम्मीद है। यद्यपि देश के निर्माण बाजार का सटीक अनुमान लगाना कठिन है, लेकिन नवीनतम आंकड़ों के अनुसार यह बाजार लगभग 700 अरब अमेरिकी डॉलर का है और यह सालाना 7-8 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

भारत के निर्माण क्षेत्र में औद्योगिक दृष्टिकोण की आवश्यकता

एलेमैंटिक ग्रुप के सीईओ टेप्पो वौटिलाइनेन ने कहा, ' वर्तमान परिस्थितियों में भारत के पास निर्माण कार्य के तरीके पर पुनर्विचार करने का एक अनूठा अवसर है। देश की विकास महत्वाकांक्षाओं के लिए आवश्यक स्तर, गति और गुणवत्ता प्राप्त करने हेतु, हमें पारंपरिक निर्माण विधियों से आगे बढ़कर एक अधिक औद्योगिक दृष्टिकोण को अपनाना होगा।'

निर्माण कार्य में बड़े पैमाने पर कुशलता लाने का लक्ष्य

जिंदल स्टील लिमिटेड के कंस्ट्रक्शन सॉल्यूशंस बिज़नेस के अधिशासी उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने कहा, 'वैश्विक अनुभव और भारत की बदलती निर्माण जरूरतों की समझ को मिलाकर, हमारा लक्ष्य निर्माण कार्य के लिए एक अधिक कुशल और बड़े पैमाने पर लागू होने वाले तरीके को बढ़ावा देना है।

स्मार्ट डिज़ाइन और प्रीकास्ट तकनीक से बदलेगा बुनियादी ढांचा

वाकियो ग्लोबल के बोर्ड अध्यक्ष जुसी अहो ने कहा, इसकी शुरुआत डिजाइन चरण से ही होती है। इमारतों को इस तरह डिजाइन किया जाना चाहिए कि उनका निर्माण प्रीकास्ट और बार-बार दोहराए जा सकने वाले तरीकों से हो सके, न कि बाद में उनमें बदलाव करना पड़े। हमारा मानना है कि भारत के भविष्य की जरूरतों के हिसाब से बड़े पैमाने पर आवास और बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा।

बैतूल मंडी में मक्का के दाम पहुंचे 3,000 रु. प्रति क्विंटल

बंपर आवक से शेड हुए फुल, किसानों की बढ़ी चिंता

■ बैतूल

मध्य प्रदेश के बैतूल कृषि उपज मंडी में इन दिनों मक्का की बंपर आवक देखने को मिल रही है। दशहरा के बाद से शुरू हुए मक्का सीजन में आवक 20 हजार क्विंटल प्रतिदिन के आंकड़े को पार कर गई है। इस बीच, मक्का के दाम पहली बार उछलकर 3,000 रुपये प्रति क्विंटल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं, जो पिछले साल की तुलना में लगभग दोगुने हैं।मंडी परिसर में व्यापारियों द्वारा शेड्स पर अवैध कब्जा करने और खराब मौसम के चलते किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

शनिवार को मंडी सूत्रों के अनुसार, 21 अक्टूबर से मक्का की आवक में लगातार तेजी बनी हुई है। गुरुवार को आवक 23 हजार क्विंटल से अधिक पहुंच गई थी। वहीं, शुक्रवार को खराब मौसम के बावजूद मंडी में 21,644 क्विंटल मक्का की आवक दर्ज की गई। मक्का के अधिकतम दाम 3,000 रुपये, प्रचलित दाम 2,850 रुपये और न्यूनतम दाम 2,400 रुपये प्रति क्विंटल तक रहे। गत वर्ष सीजन के शुरुआत में मक्का 1,400 से 1,500 रुपये प्रति क्विंटल बिक रहा था, जिससे इस साल कम उत्पादन के बावजूद किसानों को बेहतर मुनाफा हो रहा है।बंपर आवक के चलते मंडी के अधिकांश शेड और परिसर में व्यापारियों ने बोरों के चौकड़े भरकर डंप कर रखे हैं। कल खराब मौसम और बारिश होने के अनुमान के बीच व्यापारियों ने अपने बोरों पर तो पन्नी डालकर ढंक लिया लेकिन किसानों का माल खुले आसमान के नीचे ही पड़ा रहा। यदि बारिश हो जाती तो हजारों क्विंटल अनाज भीग सकता था।

